RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 267 | जयपुर, सोमवार, 26 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 8

▶ पीएम ने ओडिशा में आरबीआई के ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर का किया उद्घाटन

मोदी बोले, कांग्रेस की फोन बैंकिंग से बर्बाद हुआ देश का बैंकिंग सिस्टम

ओडिशा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 2014 से पहले कांग्रेस शासन में फोन बैंकिंग के जरिए पार्टी के करीबी लोगों को हजारों करोड़ रुपये के लोन दिए जाते थे, जिससे बैंक पर एनपीए का बोझ बढ़ा

नई दिल्ली/संचार जगत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 2014 से पहले फोन बैंकिंग के जरिए पार्टी के करीबी लोगों को हजारों करोड़ रुपये के लोन दिए जाते थे। इस व्यवस्था के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम पर एनपीए का बोझ बढ़ गया था।

उन्होंने पुरानी व्यवस्था की तुलना आज की डिजिटल बैंकिंग से भी की। रविवार को पीएम मोदी ने भुवनेश्वर के पास जटनी में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए डेटा सेंटर और साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पहले गरीब परिवारों को बैंक खाता खुलवाने के लिए भी गारंटर की जरूरत पड़ती थी, जबकि प्रभावशाली लोगों को फोन के जरिए बड़े-बड़े लोन मिल जाते थे। इसकी तुलना में आज डिजिटल बैंकिंग ने तस्वीर बदल दी है। प्रधानमंत्री के मुताबिक, अब लोग 24 घंटे बैंकिंग सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं। छोटे कारोबारी, कारीगर और रेहड़ी-पटरी वाले भी बैंक से कर्ज लेकर अपना काम शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, इसलिए बैंकिंग सिस्टम को साइबर अपराधियों और साइबर आतंकियों से सुरक्षित रखना भी जरूरी है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 से पहले दिल्ली में कांग्रेस के करीबी लोगों को फोन बैंकिंग के जरिए हजारों करोड़ रुपये के लोन मिल जाते थे। दूसरी तरफ, आम लोगों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में मुश्किल होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी व्यवस्था के कारण बैंकों में एनपीए बढ़ा और बैंकिंग सिस्टम बर्बादी के कगार पर पहुंच गया।

देश में डिजिटल लेनदेन होगा अब और सुरक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ओडिशा के एक दिवसीय दौरे के दौरान खुर्दा जिले के जटनी स्थित इन्फो वैली-द्वितीय में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का भी उद्घाटन किया गया। करीब 169 करोड़ रुपये की लागत से 18.55 एकड़ भूमि पर इस डाटा सेंटर का निर्माण किया गया है। नवी मुंबई के बाद यह आरबीआई का दूसरा डाटा सेंटर है। इसके शुरू होने से देश के डिजिटल वित्तीय ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस डाटा सेंटर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) जैसे डिजिटल भुगतान माध्यमों से होने वाले लेनदेन से संबंधित सूचनाओं को सुरक्षित रखा जाएगा। साइबर हमलों और तकनीकी गड़बड़ियों की स्थिति में भी बैंकिंग सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डाटा सेंटर में क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई और बिग डाटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों पर विशेष जोर दिया जाएगा। वहीं, साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से देश की डिजिटल वित्तीय प्रणाली को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए विशेषज्ञता और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा।

पहले एक रुपये में से 15 पैसे पहुंचते थे

ओडिशा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली से भेजे गए एक रुपये में से सिर्फ 15 पैसे जनता तक पहुंचते हैं। इसके उलट, उन्होंने दावा किया कि आज सरकारी योजनाओं का पूरा पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचता है। अब जिन लोगों के पास बैंक को गारंटी देने के लिए कुछ नहीं है, वे भी कर्ज लेकर अपना काम शुरू कर सकते हैं। छोटे कारोबारियों से लेकर पारंपरिक कारीगरों तक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। पीएम मुताबिक, पिछला दशक उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का था, जो अब तक इनसे दूर थे। आने वाले समय में इन सेवाओं को ज्यादा भरोसेमंद और बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने युद्ध के बदलते तरीकों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं लड़े जाते, बल्कि किसी देश की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाकर भी उसे कमजोर किया जा सकता है। ऐसे में भारत के बैंकिंग सिस्टम को साइबर अपराधियों और साइबर आतंकियों से सुरक्षित रखना जरूरी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि विकास का फायदा गांवों और छोटे शहरों तक भी पहुंचना चाहिए। वहां रहने वाले लोगों को भी आगे बढ़ने के बराबर मौके मिलने चाहिए।

सभा में मोदी के पिता के जिक्र पर मचा भूचाल

पटना में मोदी को लेकर खड़गे के विवादित बोल, भड़की भाजपा

अमित शाह बोले- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सारी मर्यादाएं तार-तार कीं, अब कांग्रेस के पास सिर्फ गाली-गलौज की नीति बची

युवक ने जताया विरोध तो कांग्रेस वर्कर्स ने की पिटाई

नई दिल्ली/संचार जगत



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान को लेकर राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। राजधानी पटना में 25 अक्टूबर को आयोजित कांग्रेस के एक जनसभा कार्यक्रम के दौरान उस वक्त माहौल गरमा गया, जब उनके संबोधन के बीच मौजूद एक युवक ने पीएम मोदी को लेकर की जा रही टिप्पणी पर आपत्ति जताई।

युवक के हस्तक्षेप के बाद मंच से प्रतिक्रिया देते हुए खड़गे ने तीखी टिप्पणी की, जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए हंगामे जैसी स्थिति बन गई। बिहार के पटना में डॉ. श्री कृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पीएम मोदी के खिलाफ बोल रहे थे। इस दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे, जिस पर खड़गे ने जवाब दिया, मोदी का बाप भी जाएगा। मोदी की झूठ बोलने की आदत है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता उस व्यक्ति को पीटते नजर आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बाप भी जाएगा वाले विवादित बयान पर हंगामा खड़ा हो गया है। खड़गे को लेकर अमित शाह, नितिन नवीन समेत बीजेपी के कई दिग्गज खुलकर मैदान में आ गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ये तक दावा कर दिया है कि कांग्रेस के पास अब सिर्फ गाली-गलौज की राजनीति बची है।

शिकायत दर्ज, आज भाजपा का देशभर में प्रदर्शन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर दिए बयान को लेकर घमासान मचा हुआ है। इस बयान को लेकर खड़गे के खिलाफ शिकायत दर्ज हो गई है। इसके साथ ही बीजेपी ने सोमवार दो देशभर में खड़गे के खिलाफ प्रदर्शन का भी ऐलान कर दिया है। वहीं, कांग्रेस के कई नेता इस मामले में सफाई देकर खड़गे का बचाव कर रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा सिंह कल्लू ने पटना के कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर भाजपा ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के बारे में पटना में कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट की अपमानजनक, अभद्र और आपत्तिजनक कमेंट के विरोध में भाजपा सोमवार को देश के सभी स्टेट हेडक्वार्टर पर जोरदार प्रदर्शन करेगी। वहीं भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंकने का ऐलान भी कर दिया है।

उमड़ा जनसैलाब, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा नमो घाट

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में रविवार को वाराणसी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस लाइन से नमो घाट तक करीब सात किलोमीटर लंबे मार्ग पर लोगों ने पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ नमो घाट पहुंचे, जहां उन्हें भारतीय वायुसेना के एयर शो में शामिल होना है। इस दौरान लोगों में प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्रीका काफिला पुलिस लाइन से सांस्कृतिक संकुल, चौकाघाट, कज्जाकपुरा और राजघाट पुल होते हुए नमो घाट पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे और बड़ी संख्या में लोग बैरिकेडिंग के दोनों ओर खड़े होकर उनके आगमन का इंतजार कर रहे थे। भदऊचुंगी समेत कई स्थानों पर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। लोगों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री ने कुछ स्थानों पर वाहन से बाहर निकलकर हाथ हिलाते हुए उनका अभिवादन किया। इस दौरान उनके काफिले पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं और देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत किया गया।

■ हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री ने किया अभिवादन

'नमो-नमो' का उद्घोष किया

नमो घाट पहुंचने पर वायु सेना के अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 'नमो-नमो' के उद्घोष के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत के लिए जुटे लोगों में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल रहे। घाटों और आसपास के इलाकों में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री खोचवां में अरविंद मिल लिमिटेड की नई टेक्सटाइल इकाई का उद्घाटन कर चुके हैं। 7 एकड़ में स्थापित इकाई में परिधानों का उत्पादन किया जाएगा।

त्योहार सीजन में ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयों और चॉकलेट पर खाद्य सुरक्षा टीम का शिकंजा

बिना लेबल की 3,840 होममेड चॉकलेट सहित मिठाइयों के पैकेट सीज

संचार जगत



जयपुर प्रथम। राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत त्योहार सीजन में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा टीम ने ड्राई फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स आधारित मिठाइयों एवं चॉकलेट के प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण, नमूनीकरण एवं प्रवर्तन कार्रवाई की। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान श्री अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा डॉ. रवि शेखावत, अभिहित अधिकारी, जयपुर प्रथम के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान विद्याधर नगर स्थित ड्राई फ्रूट्स हाउस पर बिना अनिवार्य लेबलिंग के बिक्री के लिए रखी गई विभिन्न फ्लेवर की 3,840 होममेड चॉकलेट, 51 पैकेट इम्पोर्टेड चॉकलेट तथा अंजीर एवं खजूर आधारित मिठाइयों के 70 पैकेट सीज किए गए। होममेड चॉकलेट पॉलीथिन में लपेटकर रखी गई थीं तथा उन पर आवश्यक खाद्य लेबलिंग नहीं थी। कार्रवाई के दौरान नॉटी नट्स (Naughty Nuts) से टाइनी मिनी सौंफ तथा गणपति पैराडाइज, विद्याधर नगर स्थित कामदार ड्राई फ्रूट्स से बादाम कतरन के नमूने लिए गए। वहीं, वैशाली नगर स्थित महेश्वरी टी कॉर्पोरेशन सहित अन्य ड्राई फ्रूट प्रतिष्ठानों से बादाम कतरन एवं मुनक्का के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। निरीक्षण के दौरान फफूंद लगे लगभग 2 किलोग्राम सूखे नारियल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

डॉ. रवि शेखावत ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण करने, उचित पैकेजिंग सुनिश्चित करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप अनिवार्य लेबलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन से अपीलः त्योहारों के दौरान ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां एवं चॉकलेट खरीदते समय पैकेट पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि, सामग्री संबंधी विवरण तथा अन्य आवश्यक खाद्य लेबलिंग की जांच अवश्य करें। खुले या बिना उचित लेबल वाले खाद्य पदार्थों की खरीद से बचें। जयपुर प्रथम में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा त्योहार सीजन के दौरान निरीक्षण, नमूनीकरण एवं नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

नशे में जज के बेटे ने स्कूटी को मारी टक्कर

कोच्चि, आरएनएन। केरलम के कोच्चि के चेरानल्लूर में रविवार सुबह-सुबह एक 17 साल के नाबालिग की कार ने कथित तौर पर एक स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग एक एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज का बेटा है और कार जज के नाम पर रजिस्टर्ड थी। नाबालिग मर्सिडीज बेंज चला रहा था। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, वह नशे में नहीं था। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच के लिए उसके ब्लड सैंपल लिए गए हैं। इस बीच, जयबालकृष्णन की भतीजी ने बताया कि वे गुजारा करने के लिए खाने-पीने का स्टॉल चलाते थे और हादसा तब हुआ जब वे घर लौट रहे थे। उन्होंने दावा किया कि कार जरूर तेज रफ्तार में चलाई जा रही होगी।

55 साल के एक शख्स की हुई मौत

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट | 7 किलोमीटर हिस्सा समुद्र के नीचे ठाणे क्रीक से गुजरेगा, यह भारत की पहली अंडर-सी रेल सुरंग

मुम्बई में 100 फीट नीचे बन रहा बुलेट ट्रेन का स्टेशन

नई दिल्ली, आरएनएन। देश में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए ट्रैक, ब्रिज, टनल समेत रेलवे स्टेशनों पर काम युद्ध स्तर पर पूरा किया जा रहा है। बुलेट ट्रेन के अगले साल 2027 से हाई स्पीड ट्रैक पर दौड़ने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन अब आकार ले रही है। इसके साथ ही उन्होंने डिटेल में हाई स्पीड ट्रेन चलाने के लिए तैयार किए जा रहे रेलवे स्टेशनों और अंडर-सी टनल के बारे में विस्तार से बताया है।

गौरतलब है कि मुंबई में जहां बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन जहां जमीन से 100 फीट नीचे बनाया जा रहा है, तो वहीं समुद्र के अंदर 7 किलोमीटर लंबी सुरंग तैयार की जा रही है, जिससे होकर बुलेट ट्रेन गुजरेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में रेल मंत्री ने अपने पेज पर लिखे लेख को शेयर किया है।इसमें देश की पहली बुलेट ट्रेन और उससे जुड़े कामों को लेकर एक-एक डिटेल दी गई है। उन्होंने इसमें लिखा, भारत की पहली बुलेट ट्रेन अब कोई घोषणा नहीं रह गई है, यह 508 किमी. का कंस्ट्रक्शन है, जो पूरी रफ्तार से चल रहा है। इसकी पहली सर्विस 2027 के आखिरी क्वार्टर में शुरू होगी। बुलेट ट्रेन पहली बार अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड ट्रैक पर दौड़ेगी। रेल मंत्री के पोस्ट में बताया गया है कि अभी मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से लगभग 100 फीट नीचे, एक बुलेट ट्रेन रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, जो 10 मंजिला इमारत से भी ज्यादा गहराई है। (शेष पेज 8 पर)



320 किमी प्रति घंटे की रहेगी रफ्तार, होंगे 12 स्टॉपेज

बुलेट ट्रेन जब फुल स्पीड में होगी, तो 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी, जबकि अहमदाबाद से मुंबई के बीच औसतन 300 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बुलेट ट्रेन अगले साल से दौड़ेगी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर महाराष्ट्र, गुजरात और दादरा और नगर हवेली से होकर 508 किमी तक फैला हुआ है। इसमें जिन 12 प्रमुख स्टेशनों स्टॉपेज तय किए गए हैं। उनमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। पोस्ट में आगे बताया गया है कि जुलाई 2026 में विक्रोली और सावली से दो टनल बोरिंग मशीनें लॉन्च की गईं थीं, जो भारत में अब तक लगाई गई सबसे बड़ी मशीनों में से एक हैं। हर मशीन में 13.6 मीटर डायमीटर का कटरहेड है, जो 4 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। हर मशीन का वजन 3,000 टन से ज्यादा है, जो लगभग 500 एशियाई हाथियों के बराबर है। यह मशीन 96 मीटर लंबी है, लगभग पांच क्रिकेट पिचों के बराबर है।

2029 तक भारत में होंगे चार लॉन्च पैड

नई दिल्ली/संचार जगत

➲ इसरो चीफ बोले, भारत की अंतरिक्ष गतिविधियों में होगा विस्तार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि 2029 तक देश में चार लॉन्च पैड चालू हो जाएंगे, जिससे भारत की अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों में काफी विस्तार होगा।

नारायणन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उपग्रहों के लॉन्चिंग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के कुलसेकरपट्टिनम में 2,000 एकड़ में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के लिए एक अलग परिसर विकसित किया जाएगा। नारायणन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का निजीकरण नहीं किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में हजारों उपग्रहों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए निजी कंपनियों के साथ साझेदारी जरूरी है। उन्होंने एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा, अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती गतिविधियों को संभालने के लिए इसरो स्टार्टअप और निजी कंपनियों को सहयोग देगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की किसानों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात

अजमेर डिस्कॉम के सभी जिलों में किसानों को अब दिन में मिलेगी बिजली

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली से पहले किसानों को बड़ी सौगात दी है। नागौर जिले के बिरलोका में 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) सफलतापूर्वक प्रारंभ हो गया है।

इससे अजमेर विद्युत वितरण निगम (डिस्कॉम) के सभी 14 जिलों में किसानों को दिन के



समय दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इस व्यवस्था से क्षेत्र के किसानों को रात में सिंचाई कार्य से राहत मिलेगी तथा कृषि कार्य अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो सकेगा।

खींवसर सहित अन्य क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि अब तक अजमेर डिस्कॉम के 14 में से 13 जिलों में किसानों को दिन में दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था लागू थी। बिरलोका जीएसएस के शुरू होने से शेष जिले में भी इस व्यवस्था का विस्तार होगा। इस परियोजना से बिरलोका, नारवा, हिसाबा, पांचला सिद्धा, खींवसर, पांचौड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से संपूर्ण खींवसर तहसील में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

विद्युत छीजत में कमी आएगी, आपूर्ति की गुणवत्ता में होगा सुधार- लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस जीएसएस में 160 एमवीए क्षमता का 220/132 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया है। अत्याधुनिक स्काडा प्रणाली के उपयोग से पश्चिमी राजस्थान में उत्पादित सौर ऊर्जा का नागौर जिले में बेहतर उपयोग संभव होगा। इसके साथ ही विद्युत छीजत में कमी आएगी तथा वोल्टेज स्तर, बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार होगा।

अब तक प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को मिल रही बिजली- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कृषक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति की बजट घोषणा की और इस दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए अब तक प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

अलवर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने किया पार्षद चेतन तनवानी का सम्मान

खैरथल तिजारा। अलवर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में सम्मान समारोह एवं कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंडावर के नवनिर्वाचित पार्षद चेतन तनवानी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेश कुकरेजा, सचिव राजेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल सहित मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तनवानी, अरविंद गुप्ता, राम निवास जांगीड़, राजेश फार्मा, रवि जैन, अनुराग खुटेटा, रिंकू खुराना,



अभय कोतवाल, पीड़ी, रवींद्र मिश्रा एवं कमलेश पमनानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पार्षद चेतन तनवानी का अभिनंदन किया गया। साथ ही कार्यकारिणी बैठक में एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण में जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों की 212 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्वाचित

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों की 212 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए 24 अक्टूबर को हुए मतदान के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न हो गई है। निर्वाचित सरपंचों के नामों की सूची के बारे में बताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने ने बताया कि पंचायत समिति चौमूं में अमरपुरा से गीता देवी, अनन्तपुरा (जै.) से वासुदेव पंचोली, बड़कोलाई-भोजलावा से रमेश, बरवाड़ा से बनवारी राईका, भोपावास से बादामी योगी, बिशनपुरा चारणवास से बिमला, चीथवाड़ी से बिमला देवी, दौलतपुरा से संतरा देवी, देवपुरा से कविता कंवर, डोला का बास से किरण कुमारी मीना, फतेहपुरा से संज्या देवी, गौरी का बास से रामस्वरूप, घिनोई से भगवती देवी, हाड़ौता से वन्दना देवी, हाथनोदा से राजू जाट, ईटावा भोपजी से अजय चौधरी, जयसिंहपुरा से मुरलीधर यादव, जैतपुरा से सुमित्रा देवी गुलिया, जालिम सिंह का बास से विजयपाल यादव, जाटावाली से बंशीधर मीणा, कानपुरा से फूल चन्द, कुशलपुरा से लक्ष्मी देवी, लोहरवाड़ा से लाडा देवी, महार कलां से योगेश, मण्ढा भिण्डा से कृष्ण कान्त, मोरीजा से सीता देवी, नांगल भरड़ा से गोपाल, नृसिंहपुरा से उर्मिला देवी, निवाणा से गिरधारी, सामोद से रामकिशोर रैगर, टांकरड़ा से योगेश कुमार, उदयपुरिया से बीना देवी, विजयसिंहपुरा से शंकरलाल तथा विमलपुरा से उर्मिला देवी निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति दूदू में बिंगोलाव से मेघा, चरासड़ा से ललिता देवी, दांतरी से संतोष देवी, धांधोली से अमरचन्द जांगिड़, गागरडू से धर्मराज खटीक, गहलोता से राम राज सेवदा, गैजी से कंवरी देवी, हरसोली से हंसा देवी, हटूपुरा से लाली, ईटाखोई से मोनूराम भील, जड़ावता से सुनीता शर्मा, केरिया बुजुर्ग से भानु प्रताप

'जयपुर डिस्ट्रिक्ट एक्स सर्विस लीग' संगठन का गोल्डन जुबली पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह

समाज में एकता, सहयोग और स्थिरता में पूर्व सैनिकों की महती भूमिका

संचार जगत



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका कल्याण हमारी परम्परा और संस्कृति है। उन्होंने देश की सुरक्षा और संप्रभुता बनाए रखने में भारतीय सेना के जवानों और पूर्व सैनिकों के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी सैनिक अपने अनुशासन, अनुभव और नेतृत्व क्षमता से बहुत से स्तरों पर राष्ट्र विकास में सहयोग दे रहे हैं। समाज में एकता, सहयोग और स्थिरता में भी उनकी महती भूमिका है। बागडे रविवार को जिला पूर्व सैनिक संघ, जयपुर द्वारा आयोजित 'जयपुर डिस्ट्रिक्ट एक्स सर्विसेज लीग' संगठन के गोल्डन जुबली आयोजन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए भारत सरकार ने लम्बे समय से लंबित 'वन रैंक वन पेंशन' योजना लागू करके उनको अधिकार देने का महती कार्य किया है। राजस्थान में भी पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं के सम्मान, सुरक्षा और पेंशन लाभों में निरंतर वृद्धि की गई है। एक्स सर्विसमैन कॉरपोरेशन के माध्यम से राजस्थान में 13 हजार से अधिक पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में विधिक सहायता क्लीनिक स्थापित करने की पहल की गई है ताकि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रित परिवारजनों को यथा-समय समुचित सहायता मिल सके। इसी तरह पूर्व सैनिकों के बच्चों हेतु कोचिंग सहायता राशि भी बढ़ाकर हमने 15 हजार से अब 25 हजार कर दी है। राज्य सरकार स्तर पर राज्यभर में पिछले कुछ समय के दौरान 14 हजार से अधिक वीरांगनाओं के सम्मान की पहल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक जब सीमा पर हमारे लिए लड़ता है तो उसका सबसे बड़ा सम्बल उसका परिवार ही होता है। इसलिए सैनिकों के आश्रितों, परिवारजनों का कल्याण भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए कहा कि दशकों के अनुभव, नेतृत्व, अनुशासन और रणनीतिक सोच को वही समाज में लाते हैं। इसलिए सामाजिक क्षेत्र में उनकी निरंतर भागीदारी राष्ट्र को समग्र रूप से मजबूत बनाती है।

माथुर वैश्य महिला मंडल ने किया प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन



जयपुर। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की इकाई माथुर वैश्य महिला मंडल की ओर से चित्रकूट स्थित केसर कान्हा रेस्टोरेंट में प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और करवा चौथ की थीम पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। माथुर वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष सुकांक्षा रेखा गुप्ता की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में म्यूजिक, डांस, कैटवॉक और विभिन्न मनोरंजक गेम्स आकर्षण का केंद्र रहे। करवा चौथ प्रश्नोत्तरी में सदस्यों ने सवालों के सही जवाब देकर उपहार जीते। कार्यक्रम में मिस ओरियन टूरिज्म ग्लोबल 2026 की फर्स्ट रनर-अप ऑरा विरमानी ज्यूरी सदस्य के रूप में मौजूद रहीं।प्रतियोगिताओं में प्रियंका गुप्ता ने करवा चौथ क्वीन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, सीमा गुप्ता को बेस्ट मेहंदी डिजाइन और रुचि गुप्ता को बेस्ट अटायर के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा सोलह श्रृंगार, मेहंदी डिजाइन और बेस्ट डांस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय महासभा अध्यक्ष डॉ. मधुरिमा गुप्ता, राजस्थान मंडल प्रमुख सारिका गुप्ता, उपाध्यक्ष लता गुप्ता, ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और करवा चौथ के उत्सव को यादगार बनाया।

बीकानेर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

बीछवाल स्थित गोदाम से 22 हजार किलो खाद्य तेल सीज

नेपाल में निर्मित CHOICE सनफ्लावर ऑयल की भ्रामक लेबलिंग एवं प्रचार के मामले में जांच,

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ के निर्देशन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन एवं संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा के पर्यवेक्षण में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने बीकानेर में कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में तीन प्रतिष्ठानों



का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के कुल 6 नमूने जांच के लिए लिए गए तथा बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोदाम से करीब 22,000 किलोग्राम खाद्य तेल सीज किया गया।

खाद्य तेल के गोदाम पर कार्रवाई, 22 हजार किलो तेल सीज

खाद्य सुरक्षा दल ने बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स लक्ष्मी नारायण भंवर लाल के गोदाम का निरीक्षण किया। यहां से करीब 22 हजार किलोग्राम खाद्य तेल सीज किया गया।

सीज किए गए तेल में नेपाल में निर्मित CHOICE ब्रांड का सनफ्लावर ऑयल तथा 'बाबा रामदेव छाप' सरसों का तेल शामिल है। कार्रवाई के दौरान जांच के लिए खाद्य तेल के तीन नमूने भी लिए गए। 'CHOICE' सनफ्लावर ऑयल की लेबलिंग एवं प्रचार से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है।


दो अन्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण

खाद्य सुरक्षा दल ने मैसर्स नागड़ नारायण एग्रो इंडस्ट्रीज का निरीक्षण कर नारियल पेड़ा खाद्य सामग्री का एक नमूना जांच के लिए लिया। वहीं, रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स बिशनलाल बाबूलाल की निर्माण इकाई का निरीक्षण कर दो खाद्य नमूने लिए गए।

'विंग्स ओवर गेंजेस का वाराणसी के नमो घाट से जलमहल की पाल पर हुआ सीधा प्रसारण

संचार जगत

जयपुर। भारतीय वायुसेना के 94 वें स्थापना दिवस पर ' भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की राज्यपाल मती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में 100 से अधिक एयरक्राफ्ट्स जिसमें राफेल,तेजस सुखोई 30 एमकेआई, सी 130 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने वाराणसी के नमो घाट पर आयोजित विंग्स ओवर गेंजेस एरियल डिस्प्ले का रविवार को जयपुर के जलमहल के सामने सीधा प्रसारण किया गया। एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के कमांडर ने बताया कि सिविल प्रशासन एवं एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का



उद्देश्य भारतीय वायुसेना की क्षमताओं को प्रदर्शित करना तथा राष्ट्र की सुरक्षा में उसकी भूमिका के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना था। इसके माध्यम से उपस्थित लोगों को भारतीय वायुसेना की सटीकता, पेशेवर दक्षता एवं परिचालन उत्कृष्टता को देखने का अवसर मिला। कार्यक्रम के तहत युवाओं को भारतीय वायुसेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थल पर वायुसेना की पब्लिसिटी स्टॉल भी स्थापित की गई। युवाओं ने स्टॉल पर पहुंचकर भारतीय वायुसेना में भर्ती की पात्रता, प्रवेश एवं करियर के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को वायुसेना में भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित करने हेतु पोस्टर, ड्राइंग बुक एवं पेम्फलेट सहित प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। यह आयोजन सफल रहा तथा इसने सिविल प्रशासन और वायुसेना के बीच प्रभावी समन्वय एवं जनसहभागिता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम ने आगंतुकों को यादगार अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को भारतीय वायुसेना की गौरवशाली सेवा परंपरा और राष्ट्र के प्रति उसके योगदान के बारे में जानने के लिए प्रेरित किया गया।

दीपावली पर अजमेर को बड़ा तोहफा: विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ली समन्वय बैठक

70 करोड़ की लागत से बनेगा केन्द्रीय बस स्टैण्ड, एडीए कार्यकारी एजेंसी नियुक्त,50 साल की जरूरतों को पूरा करेगा नया स्टैण्ड

बस स्टैण्ड का किया अवलोकन, पीडीकोर ने दिया प्रजेंटेशन

संचार जगत

जयपुर। दीपावली से पहले राज्य सरकार ने अजमेर को बड़ा तोहफा दिया है। करीब 50 साल पहले बने अजमेर के केन्द्रीय बस स्टैण्ड को पुनः निर्मित किया जाएगा।

राज्य सरकार ने अजमेर विकास प्राधिकरण को बस स्टैण्ड निर्माण के लिए कार्यकारी एजेंसी बनाया है। करीब 70 करोड़ रूपए की लागत से बस स्टैण्ड को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर तैयार होने वाला यह ड्रीम प्रोजेक्ट आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित



किया जाएगा। नए बस स्टैण्ड में आधुनिक सुविधाओं के साथ शहर के सौन्दर्यीकरण और व्यवस्थित यातायात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को बस स्टैण्ड के पुनर्विकास को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पहली समन्वय बैठक की। बैठक में अजमेर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) तथा पीडीकोर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तावित योजना, निर्माण की रूपरेखा, भूमि की उपलब्धता और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर चर्चा की गई। पीडीकोर की ओर से बस स्टैण्ड के नए स्वरूप को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अजमेर केन्द्रीय बस स्टैण्ड का विकास शहर की बढ़ती जरूरतों और भविष्य की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर किया जाएगा। बस स्टैण्ड का नया डिजाइन आधुनिक सुविधाओं के साथ शहर के सौन्दर्यीकरण को भी ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इसमें गार्डन, आकर्षक स्टैच्यू, बेहतर लाइटिंग और आधुनिक संरचनाओं का समावेश होगा। यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन, बेहतर प्रतीक्षालय और व्यवस्थित बस संचालन की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित योजना में हाई-राइज प्लेटफार्म, डिजिटल डिस्प्ले, बसों की रियल टाइम लोकेशन की जानकारी, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, डीजल पम्प तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालयों की व्यवस्था शामिल होगी। वॉल्वो और एसी बसों सहित विभिन्न शहरों के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म विकसित करने की योजना भी बनाई जा रही है। इससे यात्रियों को अपनी बस तक पहुंचने में सुविधा होगी और बसों का संचालन अधिक व्यवस्थित हो सकेगा। बस स्टैण्ड के पुनर्विकास के तहत वर्तमान वर्कशॉप को जयपुर रोड पर स्थानांतरित किया जाएगा। रोडवेज की ओर से एडीए को कुछ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। भूमि की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। वर्कशॉप स्थानांतरित होने से बस स्टैण्ड परिसर का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिक स्थान उपलब्ध होगा। देवनानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टैण्ड के पुनर्विकास की योजना को सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आगे बढ़ाया जाए। निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक, यात्रियों की सुविधा, सुगम यातायात और भविष्य की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि अजमेर के केन्द्रीय बस स्टैण्ड को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने से शहर की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और अजमेर आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्रस्तावित विकास कार्यों के मद्देनजर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।

राज्य में प्राकृतिक एवं योगिक खेती को मिलेगी पहचान



कृषि विभाग और ब्रह्माकुमारी संस्थान के बीच हुआ एमओयू

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के विस्तार की दिशा में कृषि विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के शांतिवन परिसर में आयोजित ग्लोबल समिट के दौरान सरकार के कृषि विभाग एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए । इस पहल से प्रदेश में प्राकृतिक एवं योगिक खेती के विस्तार, किसानों के प्रशिक्षण, कृषि कार्मिकों के क्षमता संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को नई गति मिलेगी। समझौते के माध्यम से कृषि विभाग की तकनीकी विशेषज्ञता और ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता संबंधी अनुभवों का समन्वय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्राकृतिक खेती मॉडल का अवलोकन कर इसकी सराहना कर चुके हैं। समझौते के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसानों के लिए प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती से संबंधित प्रशिक्षण शिविर, कार्यशालाएं, प्रदर्शनियां तथा जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे।

श्रद्धा और उत्साह ने मनाई अजमीढ़जी महाराज की जयंती

दिया कुमारी शोभायात्रा में हुई शामिल



संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में स्वर्णकार समाज के आराध्य देव अजमीढ़जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अजमीढ़जी महाराज का आशीर्वाद लिया और शोभायात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर दिया कुमारी ने अजमीढ़जी महाराज को नमन करते हुए स्वर्णकार समाज को जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने अजमीढ़जी महाराज के जीवन एवं आदर्शों को प्रेरणादायी बताते हुए धर्म, संस्कार, परिश्रम और समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की और इस पावन पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रपति से की भेंट

विधान सभा के अमृत महोत्सव के लिए किया आमंत्रित

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रायपुर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने राष्ट्रपति को राजस्थान विधान सभा के प्रतीक चिह्न की प्रतिकृति भी भेंट की। राष्ट्रपति से भेंट के दौरान विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने राजस्थान विधान सभा के 75वें वर्ष के अमृत महोत्सव में आयोजित किए जा रहे देशभर की महिला विधायकों के सम्मेलन के लिए उन्हें आमंत्रित किया। देवनानी ने राष्ट्रपति को इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान देवनानी ने राष्ट्रपति को बताया कि राजस्थान विधान सभा वर्तमान में संसदीय लोकतंत्र की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए अपना 75वां अमृत महोत्सव मना रही है। देवनानी ने राष्ट्रपति के साथ राजस्थान विधान सभा की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के साथ ही पिछले दो वर्षों में राज्य विधान सभा में किए नवाचारों की जानकारी साझा की।

राजस्थान में पंचायत चुनावों की सरगर्मी तेज

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने संभाली कमान

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रबंधन की समीक्षा तेज कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह आज से 31 अक्टूबर तक प्रदेश के छह दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अलग-अलग जिलों में बैठकें करेंगे और मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग राजेश्वर सिंह आज जयपुर से रवाना होकर सीकर पहुंचेंगे। यहां बैठक और दौरे के बाद उनका रात्रि विश्राम झुंझुनूं में रहेगा। झुंझुनूं में बैठक और निरीक्षण के बाद वे बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और नागौर में चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे और इसके बाद डीडवाना-कुचामन होते हुए जयपुर लौटेंगे। इस दौरे के दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा और मतदान केंद्रों के निरीक्षण पर विशेष नजर रहेगी।

पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका कल्याण हमारी परम्परा : राज्यपाल बागड़े

संचार जगत



जयपुर। जिला पूर्व सैनिक संघ, जयपुर द्वारा आयोजित जयपुर डिस्ट्रिक्ट एक्स सर्विसेज लीग संगठन के गोल्डन जुबली आयोजन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका कल्याण हमारी परम्परा और संस्कृति है। उन्होंने देश की सुरक्षा और संप्रभुता बनाए रखने में भारतीय सेना के जवानों और पूर्व सैनिकों के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी सैनिक अपने अनुशासन, अनुभव और नेतृत्व क्षमता से बहुत से स्तरों पर राष्ट्र विकास में सहयोग दे रहे हैं। समाज में एकता, सहयोग और स्थिरता में भी उनकी महती भूमिका है। बागडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए भारत सरकार ने लम्बे समय से लंबित वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करके उनको अधिकार देने का महती कार्य किया है। राजस्थान में भी पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं के सम्मान, सुरक्षा और पेंशन लाभों में निरंतर वृद्धि की गई है। उन्होंने पूर्व सैनिकों को युवाओं के मार्गदर्शन, नशीली दवाओं के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करने का आह्वान किया।

चैंपियंस ऑफ लाइफ क्रिकेट कप का हुआ आयोजन

जयपुर। अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अंग प्रत्यारोपण के बाद भी स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जीने का संदेश देने के उद्देश्य से चैंपियंस ऑफ लाइफ क्रिकेट कप-2026 का आयोजन किया गया। राजस्थान में पहली बार आयोजित इस विशेष क्रिकेट प्रतियोगिता में अंग प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और जीवित अंगदाताओं ने क्रिकेट के माध्यम से समाज को जीवन बचाने और मानवता की सेवा का संदेश दिया। यह प्रतियोगिता सोसाइटी फॉर ट्रांसप्लांट एथलीट्स ऑफ राजस्थान की ओर से रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के सहयोग से आयोजित की गई। आयोजन का उद्देश्य अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और संदेश देना है ।

राजस्थान में संगठन मजबूत करने उतरी लोजपा महिला सशक्तीकरण पर रहेगा फोकस

संचार जगत



जयपुर। लोक जनशक्ति पार्टी चिराग पासवान ने राजस्थान में संगठन को मजबूत बनाने और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी गतिविधियां तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में जयपुर स्थित महिला विंग कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार, महिलाओं की सुरक्षा, अधिकार, सम्मान और स्वावलंबन सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रेस वार्ता में खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राजस्थान में पार्टी की राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और अधिक से अधिक महिलाओं व युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। प्रेस वार्ता में महिला प्रकोष्ठ की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने तथा जनहित के विषयों पर मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चन्द्रप्रभा भाटिया, राष्ट्रीय सचिव सूरज कुमार बुरड़िया, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद शेखावत, जयपुर जिला अध्यक्ष अजीत गौड़, प्रदेश सचिव गोपी चन्द्र सैनी और राजस्थान महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजस्थान में पार्टी की पहुंच बढ़ाने, महिला विंग को अधिक सक्रिय बनाने और संगठनात्मक कार्यों को नई गति देने पर सहमति व्यक्त की गई।

सरकारी योजना और कैशबैक के नाम पर साइबर ठगी, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान पुलिस आर4सी की साइबर क्राइम शाखा ने सरकारी योजनाओं और कैशबैक का झांसा देकर हो रही साइबर धोखाधड़ी को लेकर एडवाइजरी जारी की है। साइबर क्राइम के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी के सिंह ने बताया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भ्रामक विज्ञापनों के जरिए वित्तीय ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन विज्ञापनों में प्रसिद्ध सार्वजनिक और राजनीतिक हस्तियों की फर्जी पहचान का उपयोग कर नकली सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया जाता है और आर्थिक सहायता का लालच दिया जाता है। कुछ मामलों में स्क्रैच कार्ड या स्पिन-एंड-विन प्रतियोगिताओं के जरिए नकली कैशबैक पुरस्कार का झांसा दिया जाता है। इसके बाद लोगों को ठगों के यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट स्वीकार करने के लिए बहकाया जाता है, जिससे उनके बैंक खातों से पैसे कटकर साइबर अपराधियों के खातों में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना होने पर तुरंत निकटतम पुलिस थाने, साइबर पुलिस थाने, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल साइबर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें।

शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया



कोटा। बोरखेड़ा स्थित देवाशीष सिटी कॉलोनी में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति देवाशीष सिटी के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समिति के सचिव रासबिहारी अग्रवाल, अध्यक्ष ज्ञानसिंह सिसोदिया और कोषाध्यक्ष सुरज प्रकाश गर्ग ने बताया कि इस वर्ष कॉलोनी में शरद पूर्णिमा उत्सव को लेकर निवासियों में अभूत पूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। शरद पूर्णिमा महोत्सव में सोसायटी में स्थिर राधा कृष्ण मंदिर पर विशाल भजन संध्या रखी गई। जिसमें कथा व्यास राधिका किशोरी ने और उनकी साथी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी।

राज्यपाल बागडे ने राजस्थानी फिल्म के प्रदर्शन का किया शुभारंभ



संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर स्थित राजमंदिर सिनेमा हॉल में राजस्थानी फिल्म मां के प्रदर्शन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थानी में निर्मित इस फिल्म के ग्रैंड रिलीज़ को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा नहीं संस्कृति है। राज्यपाल बागडे ने फिल्म के कुछ अंश भी हॉल में बैठकर देखे। बाद में उन्होंने फिल्म निर्माता और कलाकारों से भी संवाद कर इस पहल की सराहना की।


साईजी की बेरी दरगाह पर उर्स की तैयारियां जोरों पर

संचार जगत



रानीवाडा। रानीवाडा के निकटवर्ती सांईजी की बेरी स्थित हजरत हाजी कादर शाह बाबा का 49वां सालाना उर्स 29अक्टूबर गुरूवार को मनाया जाएगा उर्स को लेकर दरगाह परिसर में तैयारियां जोरो से चल रही है, दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है और उसमें देश भर से बाबा के अकीदतमंद शिरकत करेंगे। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मिस्त्री आबाद खान ने बताया कि हाजी कादरशाह बाबा का उर्स 29अक्टूबर गुरूवार को साईजी की बेरी दरगाह पर मनाया जाएगा जिसमें सालाना उर्स में बाबा की दरगाह पर रात में लाजवाब कव्वालियों का प्रोग्राम होगा जिसमे हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल आमिल आरिफ साबरी दिल्ली कव्वाली पेश करेंगे। हाजी कादर बाबा का 49वा उर्स 28अक्टूबर बुधवार सुबह 11बजे डीसा के पीर ऐ तरीकत सैय्यद मोहम्मद अली कादरी एवं सैय्यद हसन अली कादरी की ओर से परचम भेजा जाएगा एवं दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडा की रस्म अध्यक्ष आबादखा एंव खादिम सिद्दीकबख्श सहित कमेटी मेंबरान के द्वारा कि जाएगी। इसी के साथ उर्स की शुरूआत होगी। वही 29अक्टूबर गुरूवार को बाद नमाजे जोहर कुरानख्वानी व संदल गुलाबपोशी का आयोजन होगा। गुरुवार को बड़े लंगर की शुरुआत होगी शुक्रवार की सुबह आखिरी कुल की फातिहा होगी इसी के साथ मेला संपन्न होगा। उर्स दौरान जायरिनो की व्यवस्था के लिए उर्स इंतजामियां कमेटी की ओर से पेयजल रोशनी की माकुल व्यवस्था की जाएगी दरगाह में रंग-रोगन व आने-वाले जायरीनो के लिए ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद



संचार जगत

परबतसर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने परबतसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बडू में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन तथा पंचायत समिति पीलवा में आयोजित जनसभा में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया और आगामी पंचायती राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के जिला परिषद एवं पंचायत समिति प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सम्मेलन में दिया कुमारी ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर गांवों के विकास और पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त ग्राम पंचायतें ही सशक्त राजस्थान की आधारशिला हैं। गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और प्रत्येक ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर एवं सुविधासंपन्न बनाना आवश्यक है। सड़क, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके बाद पंचायत समिति पीलवा में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति निरंतर बनाए रखने तथा प्रत्येक गांव तक विकास के अवसर पहुंचाने की बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायतों को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के संकल्प को दोहराते हुए विकसित ग्राम पंचायत से विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने 22 हजार किलो तेल किया सीज



संचार जगत

बीकानेर। राज्य में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान जारी है। इसके तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बीकानेर में तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर जांच के लिए 6 नमूने लिए। केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के कुल 6 नमूने जांच के लिए लिए गए तथा बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोदाम से करीब 22 हजार किलोग्राम खाद्य तेल सीज किया गया। सीज किए गए तेल में नेपाल में निर्मित चोइस ब्रांड का सनफ्लावर ऑयल तथा बाबा रामदेव छाप सरसों का तेल शामिल है। दल ने मैसर्स नागड़ नारायण एग्रो इंडस्ट्रीज का निरीक्षण कर नारियल पेड़ा का एक नमूना जांच के लिए लिया। वहीं, रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स श्री बिशनलाल बाबूलाल की निर्माण इकाई का निरीक्षण कर दो खाद्य नमूने लिए गए। विभाग ने खाद्य कारोबारियों से निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने तथा पैकेजिंग और लेबलिंग संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है।

लायंस क्लब ने डांडिया रास आयोजित किया



संचार जगत

बहरोड़। लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा डांडिया रास का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने अपने परिवार, महिलाओं और बच्चों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सामूहिक डांडिया रास के साथ-साथ सोलो-कपल डांस, म्यूजिकल चेयर, फैमिली रैंप वॉक, सर्वश्रेष्ठ पोशाक बच्चे, महिला, पुरुष, लकी ड्रॉ सहित बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए विभिन्न गेम आयोजित करवाए गए। क्लब की ओर से सभी गतिविधियों के प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार विजेताओं का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

विजयादशमी उत्सव पर पंच परिवर्तन पर दिया जोर

संचार जगत



बहरोड़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहरोड़ की मां जिलाणी बस्ती का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन बाबा नारायण दास महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा मां भारती एवं भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शस्त्र पूजन किया गया। समारोह में जिला सेवा प्रमुख धर्मवीर यादव ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में सात प्रकार के कार्यक्रम हुए जिसमें भारतीय जनमानस का अपार सहयोग मिला। व्यापक गृह संपर्क के दौरान लगभग 10 करोड़ घरों में 40 करोड़ से अधिक भारतीयों से संपर्क किया गया, एक लाख से अधिक हिन्दू सम्मेलनों में करोड़ों हिन्दूओं ने भाग लिया। यादव ने बताया कि इस दौरान प्रबुद्ध जनों की गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठकों में समाज ने भारत के विमर्श को सुना एवं सराहा। युवाओं के बड़े खेल संगम आयोजित हुए। इस दौरान संघ द्वारा चलाए गए पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,स्व का जागरण एवं नागरिक शिष्टाचार का जो आग्रह किया था अब लोगों के स्वभाव में आने लगा।

संपादकीय

'वोटर नाम' का घोटाला

चुनाव आयोग की एक और करतूत सामने आई है। इसे मतदाता सूची शुद्धिकरण के नाम पर 'बड़ा घोटाला' करार दिया जा सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में मतदाताओं के नाम ही बदल दिए गए। अथवा उनके पिता का नाम ही बदल दिया गया। यह करतूत मतदाता सूची के अंतिम संस्करण के प्रकाशन के बाद सामने आई है। ऐसे कई और मामले भी हो सकते हैं कि आम मतदाता आश्वस्त होगा कि अंततः वह मतदाता बन गया है, सूची में उसका नाम दर्ज हो गया है, लेकिन जब चुनाव होंगे और वह मतदान करने जाएगा, तो सूची में कोई और नाम होगा! वह अपना सिर पीट लेगा। चुनाव अधिकारी से बहस भी करेगा और अपना मतदाता पहचान-पत्र भी दिखाएगा, लेकिन चुनाव अधिकारी के लिए तो मतदाता सूची ही मान्य और वैध दस्तावेज है। देश का मतदाता असहाय है। यह चुनाव आयोग आखिर कर क्या रहा है? उसके मंसूबे क्या हैं? क्या वाकई वह लोकतंत्र को कुतर रहा है? कांग्रेस ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ बेहद गंभीर और संवेदनशील खुलासे किए हैं। उप्र की पीलीभीत सदर विधानसभा सीट का ही उदाहरण लें, तो कोई भी चौंक सकता है। इस क्षेत्र में 13,150 मतदाताओं के नाम बदल दिए गए हैं, हालांकि मतदाता पहचान-पत्र के 'एपिक' और सीरियल नंबर यथावत हैं। इस क्षेत्र की मतदाता सूची से 804 नाम गायब कर दिए गए हैं, जबकि वे लोग अब भी वहीं रहते हैं। करीब 2600 ऐसे नाम सूची में जोड़े गए हैं, जो उस क्षेत्र के निवासी ही नहीं हैं। बताया गया है कि एक ही विधानसभा क्षेत्र में 16,554 मतदाताओं के नाम को लेकर गड़बड़झाला किया गया है। इस संदर्भ में कांग्रेस ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। बेशक यह अवैध और आपराधिक करतूत है, जो मानवीय गलती के कारण हुई या चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ की गई! जांच-पड़ताल में यह तथ्य भी सामने आया है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में 124 सीटों पर करीब 10,000 मतों से ही जीत-हार हुई थी। जीतने वाले अधिकतर भाजपा उम्मीदवार थे। यदि यह घोटाला न किया जाता, तो चुनाव नतीजे कुछ और ही होते! एक और खोज खबर सामने आई है कि चुनाव आयोग का ईसीआईनेट पोर्टल मुख्यालय से ही 'ऑन-ऑफ' किया जाता है। सभी मतदाता पंजीकरण अधिकारी उसे नहीं देख सकते। जो सॉफ्टवेयर के जरिए पोर्टल में देख सकते हैं, उन्हीं के लिए वह सिस्टम 'ऑन' किया जाता है। क्या इस सिस्टम का भी 'केंद्रीकरण' कर दिया गया है और मतदाताओं के नाम मुख्यालय से ही जोड़े-काटे जाते हैं? 'इंडियन एक्सप्रेस' की खोज-खबर में एक चुनाव आयुक्त ने इस मुद्दे पर भी सवाल उठाया था। हालांकि यह कोई स्थापना या आरोप नहीं, बल्कि हमारा सवाल है। यदि चुनाव आयोग अपनी लंबी चुप्पी तोड़े, तो देश के सामने इस सवाल का स्पष्टीकरण भी दे सकता है।

अंकों की दौड़ में पीछे छूटती बच्चों की सेहत

अपने बच्चों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, माता-पिता को यह ध्यान रखना चाहिए कि परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान उनके बच्चों के मन में तनाव न पनपे। पुरानी बातों जैसे बच्चे की पिछली शैक्षणिक प्रगति या बीते समय की गलतियों पर चर्चा करने के बजाय, माता-पिता को भविष्य पर ध्यान देना चाहिए और बच्चों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत करनी चाहिए। बच्चों के मन में परीक्षाओं को लेकर जो भी डर या चिंता हो, उसे दूर करना और उन्हें खुश व तनावमुक्त रखना ज़रूरी है।

जैसे-जैसे परीक्षा का समय करीब आता है, छात्रों का तनाव स्तर अक्सर बढ़ने लगता है। जो छात्र पूरे साल लगातार पढ़ाई करते हैं, उन्हें आमतौर पर इस तरह के दबाव का सामना नहीं करना पड़ता। इसलिए, माता-पिता को केवल परीक्षा के समय ही नहीं, बल्कि हमेशा अपने बच्चों की भलाई का ध्यान रखना चाहिए। अक्सर, परीक्षा पास आने पर छात्रों में सिरदर्द, पेट दर्द, शरीर में दर्द, नींद न आना या चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में, माता-पिता को अपने बच्चों के साथ विश्वास का रिश्ता बनाना चाहिए और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। इससे छात्रों का हौसला बढ़ेगा, जिससे वे अधिक उत्साह के साथ पढ़ाई कर सकेंगे, तनाव-मुक्त रह सकेंगे और सकारात्मक व खुशमिजाज मन से परीक्षा दे सकेंगे। अपने बच्चों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, माता-पिता को यह ध्यान रखना चाहिए कि परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान उनके बच्चों के मन में तनाव न पनपे। पुरानी बातों जैसे बच्चे की पिछली शैक्षणिक प्रगति या बीते समय की गलतियों पर चर्चा करने के बजाय, माता-पिता को भविष्य पर ध्यान देना चाहिए और बच्चों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत करनी चाहिए। बच्चों के मन में परीक्षाओं को लेकर जो भी डर या चिंता हो, उसे दूर करना और उन्हें खुश व तनावमुक्त रखना ज़रूरी है। माता-पिता को पढ़ाई को लेकर बच्चों पर बहुत ज़्यादा दबाव नहीं डालना चाहिए; उन्हें अपने तरीके से पढ़ने की छूट देनी चाहिए। साथ ही, बच्चों को यह नहीं समझना चाहिए कि दबाव न होने का मतलब पढ़ाई में लापरवाही बरतना है। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि ऐसा करने से उनका अपना ही नुकसान



होगा। इसलिए, उन्हें अनुशासित रहना चाहिए और सहयोग करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के दौरान उनका बच्चा पर्याप्त भोजन करे। अच्छी शारीरिक सेहत मानसिक क्षमता बढ़ाने के लिए ज़रूरी है, जिसके लिए ऊर्जा का स्तर बनाए रखने के लिए नियमित और संतुलित आहार की आवश्यकता होती है। इस दौरान बच्चे के खान-पान में अचानक कोई बड़ा बदलाव न करना ही बेहतर है। इसके अलावा, माता-पिता को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा पूरी नींद ले, क्योंकि इससे वे बेहतर एकाग्रता के साथ पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही, जहां शारीरिक व्यायाम सेहत के लिए ज़रूरी है, वहीं टीवी देखने जैसी गतिविधियों को भी नियंत्रित रखना चाहिए। कुछ माता-पिता बच्चों को पूरी रात पढ़ने के लिए कह सकते हैं या उन्हें कोचिंग सेंटरों में भेज सकते हैं। लेकिन माता-पिता को अपने बच्चे की व्यक्तिगत पसंद और स्वभाव को समझना चाहिए। आखिरकार, वे अपने बच्चे की खूबियों और प्राथमिकताओं को किसी और से बेहतर जानते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को आराम की भी ज़रूरत होती है, और माता-पिता को इस पर पूरा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इससे अंततः बच्चे का ही भला होता है। माता-पिता को यह भी समझना चाहिए कि घर का साफ़-सुथरा और व्यवस्थित माहौल भी पढ़ाई की प्रक्रिया जितना ही महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, माता-पिता का शांत रहना भी बहुत ज़रूरी है। परीक्षाएं रोज़ नहीं होतीं, लेकिन यह समय बच्चों के साथ-साथ माता-पिता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान, बच्चों को तनावमुक्त रखने के लिए विशेषज्ञों की सलाह मददगार हो सकती है। हालांकि, इसमें बहुत ज़्यादा समय नहीं लगाना चाहिए। मुख्य ध्यान ऐसा सहयोग देने पर होना चाहिए जिससे उनकी पढ़ाई में मदद मिले। अगर परीक्षा के दौरान बच्चे का तनाव बढ़ जाए, तो उससे निपटने के लिए सही सलाह लें। माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा जब पढ़ाई कर रहा हो, तो कोई रुकावट न आए और उसे पढ़ने के लिए एक आरामदायक जगह मिले। चूँकि परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए अपने बच्चों का हौसला बढ़ाएं और उन्हें प्रेरित करें। छात्रों को परीक्षाओं के महत्व के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि अच्छे अंक लाने से वे अपने लक्ष्यों तक आसानी से पहुँच सकते हैं। परीक्षाओं के दौरान बच्चों का घबराना स्वाभाविक है, लेकिन उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जिसे आसानी से दूर किया जा सकता है। इससे निपटने के लिए, पूरे साल लगातार पढ़ाई करना ज़रूरी है।

भले ही सिलेबस पूरा हो चुका हो, फिर भी छात्रों को रिवीजन के लिए एक नियमित स्टडी शेड्यूल बनाना चाहिए, जिससे तनाव को बढ़ने से रोकने में मदद मिलती है। छात्रों को अपनी पढ़ाई में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों पर दबाव नहीं डालना चाहिए। इसके बजाय, उन्हें यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि उनके बच्चे किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। परीक्षा के बाद सवाल पूछने के बजाय, बेहतर होगा कि उन्हें अपनी अगली परीक्षा के विषय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करें। परीक्षा के लिए जाते समय उन्हें अपना सहयोग और भरोसा दें। इससे उन्हें तनावमुक्त रहने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर, माता-पिता को अपने बच्चों का हौसला बढ़ाना चाहिए ताकि वे पूरी परीक्षा अवधि के दौरान शांत और तनावमुक्त रह सकें।

युवा भारत को कल की नौकरियों के लिए तैयार करना



भारत अपनी आर्थिक यात्रा में एक चौराहे पर है। इसकी युवा और डायनामिक वर्कफोर्स को भारतीय अर्थव्यवस्था का एक एसेट माना जाता है और यह आर्थिक विकास, इनोवेशन और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस को बढ़ाने का एक शानदार मौका देता है। जैसे-जैसे देश विकसित भारत 2047 के विज़न की ओर आगे बढ़ रहा है, अपने युवाओं को ज़रूरी स्किल्स, अच्छे रोज़गार के मौके और प्रोफ़ेशनल ग्रोथ के रास्ते देना एक विकसित, सबको साथ लेकर चलने वाली और मज़बूत अर्थव्यवस्था बनाने के केंद्र में होगा। भारत सरकार ने अपने डेमोग्राफ़िक डिविडेंड की क्षमता को पहचानते हुए, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और रोज़गार के बीच संबंधों को मज़बूत करने के लिए कई पहल की हैं। जोर युवा भारतीयों को न सिर्फ आज की नौकरियों के लिए बल्कि उन नए मौकों के लिए भी ट्रेनिंग देने पर है जो कल की अर्थव्यवस्था को आकार देंगे। भारत की युवा आबादी प्रोडक्टिविटी, इनोवेशन और एंटरप्राइज का एक मजबूत इंजन है। डेमोग्राफिक डिविडेंड एक इकोनॉमिक मौका है, लेकिन इसे एक कोऑर्डिनेटेड स्ट्रैटेजी के जरिए सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ में बदलना होगा, जिसमें इकोनॉमिक ग्रोथ, स्किल डेवलपमेंट और जॉब क्रिएशन शामिल हों। सरकार का विकसित भारत 2047 का विजन इस बदलाव के लिए एक बड़ा कैनवस देता है, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, एंटरप्रेन्योरशिप, डिजिटलाइजेशन और उभरते सेक्टर्स के विस्तार पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने कहा कि ये एरिया जॉब्स बनाने, घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने और भारत को इन्वेस्टमेंट और बिज़नेस के लिए एक कॉम्पिटिटिव जगह बनाने के रास्ते खोलते हैं। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, जिसे एक अगस्त, 2025 को लॉन्च किया गया था, एक अहम कदम है। इस स्कीम का मकसद दो सालों में 3.5 करोड़ से ज्यादा जॉब्स बनाने को बढ़ावा देना है, जिसमें पहली बार वर्कफोर्स में शामिल होने वालों के लिए भी जॉब्स शामिल हैं। यह पहल एम्प्लॉयर्स को अपनी टीम बढ़ाने के लिए बढ़ावा देने और युवाओं को उनके प्रोफेशनल करियर शुरू करने में सपोर्ट करने के महत्व पर जोर देती है। भारत का एजुकेशन सिस्टम इकॉनमी की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बदल रहा है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 भी शिक्षा को ज़्यादा स्किल-ओरिएंटेड बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह एक्सपीरिएंशियल लर्निंग को बढ़ावा देती है। सरकारी पहलों के जरिए शिक्षा और इंडस्ट्री की ज़रूरतों को जोड़ने के और भी मौके हैं जो वोकेशनल और एकेडमिक लर्निंग के इंटीग्रेशन को सपोर्ट करते हैं, जैसे कि अप्रेंटिसशिप-बेस्ड प्रोग्राम्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क। ऐसे उपाय स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल स्किल्स और फॉर्मल क्वालिफिकेशन हासिल करने में मदद कर सकते हैं और शिक्षा, ट्रेनिंग और रोजगार के बीच ज्यादा फ्लेक्सिबल रास्ते बना सकते हैं। सरकार द्वारा शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन ने स्किल डेवलपमेंट, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक जरूरी प्लेटफॉर्म बनाया है। सरकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट बेस्ड ट्रेनिंग जैसी अलग-अलग स्कीम के जरिए इंडस्ट्री से जुड़ी स्किल हासिल करने में आबादी के अलग-अलग हिस्सों की मदद करती है। ऑटोमेशन और एआई के जमाने में, ट्रेनिंग और नौकरियों की मांग के बीच संबंध को बेहतर बनाने की कोशिश होनी चाहिए। ट्रेनिंग का फोकस इंडस्ट्री के जरिए स्किल डेवलपमेंट के जरिए लेबर मार्केट में मौके बनाने पर होना चाहिए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अपनी फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट में युवाओं के बीच अप-स्किलिंग और रीस्किलिंग की बढ़ती मांग की ओर इशारा किया। इंडिया कवरेज रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत में लगभग 63 परसेंट वर्कर्स को इंटेंसिव स्किल ट्रेनिंग की ज़रूरत होगी।

साइबर सुरक्षा की बढ़ती चुनौती



भारतीय स्टेट बैंक का यह खुलासा कि डार्क वेब पर मिले करीब 3.75 लाख रिकॉर्ड्स में से 3,897 ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी वाला रिकॉर्ड मिला, इस बात की याद दिलाता है कि साइबर सुरक्षा अब केवल सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ा मुद्दा नहीं रह गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उजागर हुई जानकारी में मोबाइल नंबर, पते, जन्मतिथि और ऋण से संबंधित विवरण शामिल हैं। स्टेट बैंक इस जानकारी के लीक होने के स्रोत और उसके दायरे की जांच कर रहा है। लेकिन ग्राहकों की चिंता इससे अलग है। ऐसी जानकारी के आधार पर धोखेबाज किसी व्यक्ति की पहचान बनाकर ठगी कर सकते हैं। इस बात पर भी सवाल है कि स्टेट बैंक को इस मामले की जानकारी खुद पता लगने के बजाय खतरे से जुड़ी खुफिया जानकारी देने वाली एक कंपनी, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल से मिली। जोखिम केवल डेटा चोरी तक सीमित नहीं हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि डिजिटल भुगतान से जुड़ी धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों में होने वाली धोखाधड़ी की घटनाएं सबसे ज्यादा संख्या में हैं। सर्ट-इन ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, डिजिटल ऋणदाताओं, फिनटेक कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और डिजिटल वॉलेट पर होने वाले हमलों को लेकर भी चेतावनी दी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के कारण हमलों की लागत और उन्हें अंजाम देने में लगने वाला समय कम हो रहा है जिससे इन पर काबू पाना कठिन होता जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में जारी सर्ट-इन की चेतावनी में बताया गया कि एआई एजेंटों ने बिना अनुमति भारतीय संगठनों के लाइव सिस्टम और गोपनीय रिकॉर्ड तक पहुंच बनाई। प्रभावित संगठनों में से किसी को भी इस अनधिकृत पहुंच का पता खुद नहीं चला। हमलावर साइबर हमलों में एआई टूल्स का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सबक मिलता है कि साइबर सुरक्षा की पारंपरिक कमजोरियां मसलन उजागर लॉगिन क्रेडेंशियल, असुरक्षित एपीआई और क्लाउड सिस्टम में जरूरत से ज्यादा अनुमतियां आदि तब ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं जब मशीनें उनका इस्तेमाल तेजी से और बड़े पैमाने पर कर सकती हैं। हाल ही में ई-मुद्रा के डिजिटल सर्टिफिकेट से जुड़ी घटना व्यापक समस्या को उजागर करती है। सर्ट-इन ने चेतावनी दी थी कि यदि निजी क्रिप्टोग्राफिक कुंजियों से छेड़छाड़ हो जाए तो उनका इस्तेमाल फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने और वैध वेबसाइटों के रूप में खुद को पेश करने के लिए किया जा सकता है। इसलिए बैंकों, फिनटेक कंपनियों, क्लाउड सेवा प्रदाताओं, एपीआई या डिजिटल प्रमाणन व्यवस्था की किसी भी परत में मौजूद कमजोरी के परिणाम केवल सीधे प्रभावित संगठन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि दूसरे संस्थानों और उपयोगकर्ताओं पर भी पड़ सकते हैं। नियामकीय कार्रवाई का दायरा केवल परिचालन संबंधी लचीलापन सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारत में रिजर्व बैंक के तहत साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी के जोखिम से निपटने के लिए पहले से ही नियामकीय ढांचे मौजूद हैं। वहीं डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 प्रभावित व्यक्तियों को व्यक्तिगत डेटा के उल्लंघन की सूचना देने का प्रावधान करता है। हालांकि डीपीडीपी अधिनियम के संबंधित प्रावधान और नियम अलग-अलग चरणों में लागू किए जा रहे हैं। नवंबर 2025 में जारी अधिसूचना के अनुसार, डेटा उल्लंघन की सूचना देने से जुड़े प्रमुख प्रावधान केवल 18 महीने बाद प्रभावी होंगे। इससे अंतरिम अवधि में एक महत्त्वपूर्ण खामी बनी रहती है। बैंकों और वित्तीय कंपनियों के लिए एपीआई सुरक्षा, तीसरे पक्ष से जुड़े जोखिमों, क्लाउड तक पहुंच और एआई एजेंटों को दी जाने वाली अनुमतियों के संबंध में ऐसे मानक भी तय किए जाने चाहिए जिनका पालन कानूनन अनिवार्य हो।


छोड़ जाएंगे ये जहां तन्हा...

परिवार, जिसे बच्चे की प्रथम पाठशाला कहा जाता है, जहां उसके अस्तित्व को एक पहचान मिलती है, जीवन जीने के लिए तैयार किया जाता है, संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाती है और एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास किया जाता है, वही परिवार आज अपने बच्चों को आत्महत्या करने से रोकने में असमर्थ नजर आते हैं। संभवतः परिवारों ने अपनी भूमिका का उचित ढंग से निर्वाह करना छोड़ दिया है या फिर बच्चों को डिजिटल मीडिया के सहारे छोड़ दिया है। आज के इस भौतिकतावादी समाज में परिवार, विवाह, नातेदारी, धर्म, विश्वास, समाज और यहां तक कि राज्य भी सब किसी न किसी प्रकार के जोखिम का सामना कर रहे हैं। ऐसे में एक आदर्श समाज या सभ्य समाज की स्थापना दूर की कौड़ी नजर आने लगा है।

उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की कुछ दुखद और चिंताजनक खबरें सामने आई हैं। ग्लोबल आईआईटी एलुमिनाई सपोर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2021 से दिसंबर 2025 के बीच केवल आईआईटी संस्थानों में ही कम से कम 65 छात्रों ने अपनी जान दी। इन 65 में से 30 मौतें केवल 2024 और 2025 में दर्ज की गईं। पिछले 20 सालों में आईआईटी संस्थानों के अंदर ही 160 से अधिक छात्रों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 69 मामले पिछले 5-6 सालों के हैं।

विशेषज्ञ इन आत्महत्याओं के लिए ब्लैकमेलिंग, पढ़ाई-परीक्षा और करियर के लिए मानसिक और शैक्षणिक दबाव को, संस्थानों में उचित काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी या फिर अकेलेपन को जिम्मेदार मानते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि ये आंकड़े उन बच्चों के हैं, जो इस देश के उच्च रैंकिंग वाले शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे थे जहां पहुंचने के लिए इन्होंने अपने जीवन के कितने महत्वपूर्ण वर्षों को लगा दिया, अपना बचपन भी ढंग से एन्जॉय नहीं किया होगा, अपनी मन चाहे लक्ष्य को पाने के बाद कोई तनाव या मानसिक दबाब में कैसे और क्यों आया? और अगर तनाव हुआ भी तो इतना कि उन्होंने खुद को उस स्थिति से बाहर निकालने या उस चुनौती का सामना करने से बेहतर आत्महत्या करना चुना।इन घटनाओं के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ परिवार, समाज और प्रशासन भी बराबर का हिस्सेदार है। परिवार ने संघर्ष करना नहीं सिखाया, चुनौतियों का सामना करना नहीं सिखाया, सब कुछ तैयार करके उनके हाथ में दे दिया। बच्चे पर केवल अच्छा कैरियर बनाने का दबाब डाला जाता है क्योंकि बच्चे का कैरियर परिवार की प्रतिष्ठा और सम्मान को निर्धारित करता है. शिक्षण संस्थान प्रतियोगिता पर बल देते हैं, बच्चे की रूचि या योग्यता पर नहीं। उसकों एक अंधी दौड़ में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते हैं न कि उसके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करने के लिए। प्रशासन इन घटनाओं के घटित होने के बाद उनकी जाँच करवा कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड लेता है। इन आंकड़ों को देखकर समस्या की अनदेखी का पता चलता है। दूसरी तरफ, वर्तमान युवा और किशोर पीढ़ी जो तेजी से विकसित होती टेक्नोलॉजी में इतनी खो गयी है कि उसे जीवित इंसान या भावनात्मक रिश्ते दिखाई नहीं देते। टेक्नोलॉजी ने इस पीढ़ी को मशीन, रोबोट में बदल दिया है, जिसके पास भावनाए नहीं हैं, जो अत्यंत व्यक्तिवादी होता जा रहा है। समाजशास्त्री परिवार में होने वाले परिवर्तनों के चक्र को तीन चरणों में व्यक्त करते हैं, ट्रस्टी परिवार, घरेलू परिवार और परमाणु परिवार। उनके अनुसार ट्रस्टी परिवार उस स्थिति को व्यक्त करता है जहाँ परिवार राज्य-जैसे कार्य करता है जो परिवार के सदस्यों को नियंत्रित करने और उनकी देखरेख करने के लिए अपनी शक्ति का प्रयोग करता है। दूसरा, घरेलू परिवार राज्य और समाज के बीच संतुलन स्थापित करता है। और तीसरा, परमाणु परिवार जिसमे नियंत्रण की कमी और राज्य की मजबूत स्थिति और समाज में व्यक्तिगत विचारों का प्रसार होता है। जहां पति, पत्नी और बच्चे शामिल तो होते हैं लेकिन उनके बीच के संबंध परिवार का अर्थ स्पष्ट नहीं करते हैं, जैसा कि पहले होता था।

पत्रकारिता के आदर्श पुरुष गणेश शंकर विद्यार्थी



गणेश शंकर विद्यार्थी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के निर्भीक सेनानी, प्रखर पत्रकार, समाजसेवी और सांप्रदायिक सद्भाव के महान प्रतीक थे। उन्होंने अपनी लेखनी और कर्म के माध्यम से अन्याय, शोषण तथा सामाजिक विषमता के विरुद्ध संघर्ष किया। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनहित और मानवता के प्रति समर्पण की प्रेरक गाथा है। गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद, वर्तमान प्रयागराज, में हुआ था। उनके पिता का नाम जय नारायण था। विद्यार्थी जी की प्रारंभिक शिक्षा के बाद आर्थिक परिस्थितियों और सामाजिक अनुभवों ने उन्हें जनजीवन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाया। वे पत्रकारिता को केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का प्रभावशाली माध्यम मानते थे। उनके व्यक्तित्व का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उनकी निर्भीकता थी। वर्ष 1913 में उन्होंने कानपुर से हिंदी समाचारपत्र 'प्रताप' का प्रकाशन आरंभ किया। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों, किसानों और मजदूरों के शोषण तथा देशी रियासतों में व्याप्त अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई। उनकी पत्रकारिता सत्ता के भय से मुक्त और जनसाधारण के हितों के प्रति समर्पित थी। इसी कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, फिर भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। विद्यार्थी जी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से सहभागी रहे। वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे और असहयोग आंदोलन सहित राष्ट्रीय आंदोलनों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका विश्वास था कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय और आपसी वैमनस्य से भी मुक्ति है। उनके जीवन का सबसे मार्मिक अध्याय 25 मार्च, 1931 को समाप्त हुआ। कानपुर में सांप्रदायिक दंगों के दौरान वे हिंसा से पीड़ित लोगों को बचाने और शांति स्थापित करने में जुटे रहे। इसी प्रयास में उनकी हत्या हो गई। उनका बलिदान मानवता और धार्मिक सद्भाव के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रमाण है।अंत में यही कहना है कि गणेश शंकर विद्यार्थी भारतीय पत्रकारिता के आदर्श पुरुष थे। उनकी निर्भीक लेखनी, जनसेवा और सर्वोच्च मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण आज भी पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राष्ट्रसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राहुल गांधी ने लोगों से रैली में आने का किया आह्वान

संचार जगत



नई दिल्ली। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने छात्रों, युवाओं और किसान-मजदूरों से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित कांग्रेस की रैली में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारा वोट चुराया जा रहा है और ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमारा वोट चुराया जा रहा है और ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे। मतदाता सूचियों से नाम काटे गए। नियम-कानून तोड़े गए। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलीं। अब जवाब देश देगा। एक नवंबर के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए राहुल गांधी ने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से राष्ट्रीय राजधानी में इकट्ठा होने की अपील की। कांग्रेस सांसद ने दिल्ली रैली को लेकर यह आह्वान ऐसे समय किया है, जब व्यापारी वर्ग और 1984 के सिख-विरोधी दंगों के पीड़ित इसका विरोध कर रहे हैं। दिल्ली के व्यापारियों ने त्योहारों के मद्देनजर राहुल गांधी से रैली टालने की भी अपील की थी। उधर, 1984 के सिख-विरोधी दंगों के पीड़ितों ने इस रैली का विरोध करने का ऐलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तारीख पर राजनीतिक रैली आयोजित करना उनके पुराने जख्मों को फिर से ताजा करने जैसा है।

कांग्रेस ने दिल्ली कूच की तैयारियों पर किया मंथन



संचार जगत

जयपुर। दिल्ली में एक नवंबर को होने वाली कांग्रेस की महारैली को लेकर राजस्थान में सियासी हलचल तेज हो गई है। जयपुर में कांग्रेस के दिग्गज नेता जुटे, जहां उन्होंने रैली की तैयारियों और राजस्थान से कार्यकर्ताओं की भागीदारी के बारे में चर्चा की। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में यह बैठक हुई। इसमें राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सचिन पायलट, अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत वरिष्ठ नेताओं के शामिल हुए। कांग्रेस ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली का ऐलान किया है। पार्टी का लक्ष्य देशभर से करीब 10 लाख लोगों को जुटाने का है। रैली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस आवाज बुलंद करेगी।

200 सीट हक वाले पोस्टर से सियासी हलचल तेज

संचार जगत



लखनऊ। लखनऊ में कांग्रेस के 200 सीट के हक वाले पोस्टर से सियासी हलचल तेज हो गई है। पोस्टर पर 200 सीट हक है हमारा, यूपी को है राहुल गांधी पर भरोसा लिखा है। पोस्टर के जरिए कांग्रेस ने एक बार फिर 200 सीटों पर अपना दावा पेश किया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस 200 सीटों पर अड़ी है। इसी क्रम में ये होर्डिंग लगाई गई है। पोस्टर पर सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा, राहुल गांधी, इमरान मसूद और आराधना मिश्रा की फोटो छपी है। इससे पहले कांग्रेस की तरफ से सपा को सीटों की सूची मिल गई जिस पर वह चुनाव लड़ना चाहती है। दरअसल अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सपा के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने 175 से अधिक सीट की प्रारंभिक सूची सौंपी है, जहां उसे लगता है कि वह गठबंधन में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। इन होर्डिंगों पर कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का अधिकृत बैनर नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि पार्टी में ऐसे कार्यकर्ता हैं जो चाहते हैं कि इस बार कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़े। सभी 403 सीटों पर तैयारियां चल रही हैं। हम जहां भी चुनाव लड़ेंगे, हमारी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और उसकी नीतियों के खिलाफ होगी।

मेलोनी ने सुरक्षा बलों की सराहना की

कहा-प्रदर्शन का अधिकार हमेशा सुरक्षित रहना चाहिए




संचार जगत

रोम। इटली में प्रदर्शन और विरोध की आग के बीच देश की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने नियंत्रण बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने का अधिकार हमेशा सुरक्षित रहना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मेलोनी ने कहा कि मैं उन सभी महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने आज भी इटली के विभिन्न शहरों और सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए काम किया। यह सब उन्होंने कुछ हिंसक लोगों की ओर से झड़प और अव्यवस्था फैलाने की कोशिशों के बावजूद किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने का अधिकार हमेशा सुरक्षित रहना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे नागरिकों का अपनी शहरों में सुरक्षित माहौल में रहने का अधिकार भी सुरक्षित रहना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, 18 लोग गिरफ्तार

अमित शाह ने दी एजेंसियों को बधाई



संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन ट्राइडेंट के जरिए नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि एजेंसियों ने तीन राज्यों में छापेमारी करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया और 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने ऑपरेशन ट्राइडेंट के जरिए नशीले पदार्थों के खिलाफ एक और जोरदार प्रहार किया है। 23 अक्टूबर को एजेंसियों ने असम, मिजोरम और मणिपुर में 38 जगहों पर एक साथ छापेमारी की और एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-कार्टेल को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि नक्सलवाद के खात्मे के बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सरकार का 31 दिसंबर 2029 तक देश को ड्रग्स की समस्या से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य है।

युद्ध कहीं भी हो, शांति हर जगह खतरे में पड़ती है: जयशंकर




संचार जगत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया में कहीं भी होने वाला युद्ध हर जगह शांति के लिए खतरा है। उन्होंने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद को राजकीय नीति या कूटनीतिक उद्देश्य हासिल करने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। जयशंकर ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चिन्मय मिशन के ग्लोबल सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और सख्त रुख अपनाने का आह्वान किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चले आयोजनों के समापन का हिस्सा है। चिन्मय मिशन के इस वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन 23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। सम्मेलन चिन्मय मिशन की 75 वर्ष की यात्रा और उसके आध्यात्मिक तथा सामाजिक योगदान को रेखांकित करने के लिए आयोजित किया गया।

जापान के बोनिन द्वीप में कांपी धरती 6.3 तीव्रता के भूकंप से लोगों में दहशत

संचार जगत



नई दिल्ली। जापान के बोनिन द्वीप में 6.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों से इलाके में हलचल मच गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का केंद्र प्रशांत महासागर के क्षेत्र में काफी गहराई पर था। शुरुआती रिपोर्टों में बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। भूकंप का केंद्र प्रशांत महासागर के क्षेत्र में काफी गहराई पर था। 6.3 तीव्रता के भूकंप के इन झटकों से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ता तापमान, तेजी से पिघलते ग्लेशियर और लगातार बढ़ रही चरम मौसम संबंधी घटनाएं चिंगहाई-तिब्बत पठार में प्राकृतिक आपदाओं के खतरे को और बढ़ा सकती हैं। बीते गुरुवार को भी तिब्बत में 7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई और करीब 32 लोग घायल हुए। अगले दिन शुक्रवार को फिर से तिब्बत के साथ - साथ पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। वहीं, अफगानिस्तान में 4.1 और चीन में रविवार सुबह 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

ओबामा ने ट्रंप पर बोला तीखा हमला

बढ़ती महंगाई के लिए टैरिफ नीति और ईरान यूद्ध को बताया जिम्मेदार

संचार जगत



वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तीन नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनावों को सिस्टम का सर्किट ब्रेकर बताते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। ओहायो के क्लीवलैंड में एक रैली के दौरान उन्होंने ट्रंप प्रशासन की ईरान के साथ लड़ाई, टैरिफ नीतियों और इमिग्रेशन पर सख्ती को बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार ठहराया। ओबामा क्लीवलैंड में डेमोक्रेट उम्मीदवार एमी एक्टन, जो ओहायो के गवर्नर पद की उम्मीदवार हैं और अमेरिकी सीनेट के लिए डेमोक्रेट उम्मीदवार पूर्व सीनेटर शेरोड ब्राउन के समर्थन में आयोजित रैली में पहुंचे थे। ओबामा ने कहा कि इस प्रशासन के फैसले सीधे तौर पर बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति ने एक ऐसी गैरजरूरी लड़ाई शुरू कर दी, जिसे न किसी ने मांगा था और न ही किसी ने उसके पक्ष में वोट दिया था। ओबामा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में मौजूद रिपब्लिकन नेताओं ने ट्रंप को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। ओबामा ने कहा कि यह चुनाव इस प्रशासन की गलतियों और नासमझी पर कुछ हद तक लगाम लगाने का शायद आखिरी बड़ा मौका है। यह हमारे सिस्टम का सर्किट ब्रेकर है और हमें इस सर्किट ब्रेकर को चालू करना होगा।

नसीरुद्दीन शाह पर बरसे संजय निरूपम

संचार जगत



मुंबई। शिवसेना प्रवक्ता संजय निरूपम ने अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की राजनीतिक टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने नसीरुद्दीन शाह पर भाजपा विरोध के बहाने देशविरोधी माहौल बनाने का आरोप लगाया और उन्हें एक कलाकार की गरिमा बनाए रखने की नसीहत दी। इसके साथ ही निरूपम ने कांग्रेस की एक नवंबर को प्रस्तावित रामलीला मैदान रैली, 1984 के सिख विरोधी दंगों और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर भी सवाल खड़े किए। संजय निरूपम ने कहा कि नसीरुद्दीन शाह को बतौर फिल्म अभिनेता इस देश के करोड़ों लोग पसंद करते हैं, लेकिन अचानक बुढ़ापे में उनके अंदर का अभिनेता बाहर निकल गया है और उसमें एक सियासी आदमी, एक जिहादी और कट्टरपंथी मुसलमान पैदा हो गया है।

मौजूदा मोर्चों पर रूस से लड़ाई रोकने को तैयार पर जमीन नहीं छोड़ेंगे: जेलेंस्की

संचार जगत



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म करने के लिए मौजूदा मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई रोकने को तैयार है, लेकिन देश की जमीन छोड़ने का कोई सवाल नहीं उठता। जेलेंस्की ने कहा कि वह युद्धविराम समझौते तक पहुंचने के लिए तैयार हैं, लेकिन यूक्रेन के लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र को छोड़ने के प्रस्ताव को उन्होंने साफ तौर पर खारिज कर दिया। जेलेंस्की ने अमेरिका से मिलने वाली सैन्य सहायता में हाल के समय में आई कमी पर भी चिंता जताई। इस बीच, अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि वॉशिंगटन की ओर से जेलेंस्की पर शांति समझौते के लिए कुछ रियायतें देने का दबाव बढ़ रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि अमेरिका की मध्यस्थता वाली वार्ताओं में प्रगति न होने के लिए कीव भी जिम्मेदार है। उधर, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय वार्ता नवंबर के पहले हिस्से में संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में होने वाली है। उन्होंने कहा कि इन वार्ताओं का मुख्य फोकस संभावित शांति समझौते के बाद रूस और यूक्रेन की सुरक्षा व्यवस्था पर होगा।

इस क्षेत्र में अब कुछ भी पहले जैसा नहीं रहेगा: अराघची

संचार जगत

तेहरान। विदेश मंत्री अराघची का मानना है कि पश्चिम एशिया के हालात पहले जैसे नहीं रहेंगे। उनके मुताबिक इसका जिम्मेदार इजरायल है। उन्होंने तेहरान में आयोजित एक विशेष बैठक में कहा कि युद्ध फिर से शुरू हो या न हो, ईरान की नीतियां नहीं बदलेंगी। बैठक विदेश नीति पर आम सहमति बनाने में दिवंगत राजनयिक कमाल खराज्जी की भूमिका पर केंद्रित थी। अब्बास अराघची ने शांति और स्थिरता पर आधारित एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसे विदेशी हस्तक्षेप के बिना क्षेत्रीय देश खुद सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले डेढ़ साल के संघर्ष, विशेष रूप से अमेरिका-इजरायल के आक्रामक युद्धों को एक टर्निंग पॉइंट बताया और कहा कि इस संघर्ष के बाद अब कुछ भी पहले जैसा नहीं रहेगा।

ईरान के सर्वोच्च नेता ने अमेरिका-इजरायल हमलों के नुकसान की भरपाई की मांग उठाई

संचार जगत




तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से देश को हुए नुकसान के लिए मुआवजा दिलाने और ईरानी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। यह बात उन्होंने देश के न्यायपालिका प्रमुख गोलामहुसैन मोहसेनी-एजेई के साथ हुई बैठक में कही। सर्वोच्च नेता की वेबसाइट पर जारी बयान में इस बैठक की जानकारी दी गई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें न्याय व्यवस्था को और मजबूत बनाना, लोगों के अधिकारों की रक्षा करना, भ्रष्टाचार और उसके मूल कारणों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना, अदालतों में मामलों का तेजी और सटीकता के साथ निपटारा करना तथा न्यायिक फैसलों को समय पर और कड़ाई से लागू करना शामिल था। इसके अलावा, देश की न्याय व्यवस्था में व्यापक और लोगों को महसूस होने वाले बदलाव लाने पर भी जोर दिया गया।

फारूक अब्दुल्ला के बयान पर भड़के एनडीए नेता

कहा- ऐसी राजनीति अब स्वीकार्य नहीं

संचार जगत



नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर को लेकर दिए गए बयान पर कई एनडीए नेताओं ने पलटवार किया। एनडीए नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ केंद्र की कार्रवाई, अनुच्छेद 370 हटाने और पाकिस्तान को लेकर भारत के रुख का हवाला दिया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने फारूक अब्दुल्ला के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर रहकर भारत के विरोध में बयान देना कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस तरह के बयान निश्चित रूप से निंदनीय हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है और वहां के लोग आतंकवाद नहीं बल्कि विकास चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के मंत्री ओपी राजभर ने भी अब्दुल्ला के बयान की आलोचना की और केंद्र सरकार द्वारा आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

संचार जगत



नई दिल्ली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर किए हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी का आरोप है कि चुनाव आयोग बार-बार ईसीआई नेट सॉफ्टवेयर की जानकारी देने से इनकार कर रहा है, ताकि मतदाता सूची के विनाशकारी विशेष गहन पुनरीक्षण में हुई केंद्रीयकृत हेराफेरी को छिपाया जा सके। पार्टी के संचार विभाग के महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर कमजोर बहाने बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ईसीआई नेट सॉफ्टवेयर और एआई के इस्तेमाल को लेकर पारदर्शिता की कमी ने नागरिकों के बीच पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। चुनाव आयोग बार-बार यह जानकारी देने से इनकार कर रहा है, क्योंकि इससे उसे बड़े पैमाने पर हुई केंद्रीयकृत हेराफेरी की सच्चाई सामने आ जाएगी।

अमेरिका में हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी

संचार जगत



वॉशिंगटन। अमेरिका में दिवाली से पहले हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। अमेरिका में हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए करीब एक सौ करोड़ रुपये का फंड बनाया गया है। इसके तहत करीब पांच सौ मंदिरों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला इलिनॉय राज्य के ऑरोरा में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को निशाना बनाने की कथित साजिश सामने आने के बाद लिया गया है। इस मामले में उन्नीस वर्षीय संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था। अब सुरक्षा व्यवस्था के तहत मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, निगरानी अलार्म और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात करने की तैयारी है। साथ ही, आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय और सुरक्षा योजनाओं पर भी जोर दिया जा रहा है।

सारस चौराहे पर फिर हादसा



संचार जगत

भरतपुर। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में सारस चौराहे के पास सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपने गांव से साइकिल पर मजदूरी के लिए निकले एक मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सारस चौराहे के पास पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किए। एक बार कट को बंद किया गया था और घने के पास ट्रैफिक लाइट के नजदीक से रास्ता दिया गया। बाद में लोगों के विरोध के बाद सारस चौराहे से कुछ आगे ट्रैफिक लाइट के पास नया कट बनाया गया। इसके बावजूद इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं जारी हैं।

एटीएम कैश वैन लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



जोधपुर। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने एटीएम कैश वैन लूटकांड में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नागौर जिले के निवासी मनीष प्रजापत के रूप में हुई है। पुलिस की जिला विशेष टीम ने उसे चिड़वाई गांव में घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल सफेद बोलेरो कैंपर वाहन को भी डिटेन किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनीष प्रजापत गिरफ्तारी के डर से लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी बीकानेर जिले के पांचू थाना क्षेत्र में हुए चर्चित एटीएम कैश वैन लूट मामले में वांछित था। आरोपी को अग्रिम अनुसंधान के लिए बीकानेर जिले की पांचू थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

जिला स्पेशल टीम भंग, 8 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर



संचार जगत

दौसा। एसपी कुंदन कंवरिया ने जिला स्पेशल टीम को भंग कर दिया है। टीम में तैनात 8 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं, डीएसटी की कार्यप्रणाली की जांच सीओ सिटी कपिल गुप्ता को सौंपी गई है। एसपी के इस आदेश के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि टीम की कार्यप्रणाली में सुस्ती, बड़ी कार्रवाई नहीं होने और सक्रियता की कमी के चलते यह कदम उठाया गया है। एसपी ने आदेश जारी कर पहले से गठित जिला स्पेशल टीम को आने वाले आदेश तक भंग कर दिया है। साथ ही, टीम की कार्यप्रणाली की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में टीम के कामकाज और उसकी सक्रियता से जुड़े पहलुओं को देखा जाएगा।

डिग्गी धाम के लिए पदयात्रा रवाना

संचार जगत

टोंक। श्री डिग्गी कल्याण पदयात्रा संघ की ओर से श्री मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर से डिग्गी कल्याण धाम के लिए पदयात्रा रवाना हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। डिग्गी कल्याण धाम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं ने धार्मिक यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर संत-महंतों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पदयात्रा के अवसर पर सद्गुरु आश्रम के पंडित राजकुमार शर्मा, भगवान श्री गोपाल जी मंदिर के महंत सुरेश दुबे, डॉ. पंडित पवन सागर, पंडित बालकिशन शर्मा, कंकाली माताजी मंदिर के पुजारी दुर्गा लाल पुरी और बाबूलाल शास्त्री सहित कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

मादक पदार्थ तस्करी के सप्लायर की अवैध संपत्ति फ्रीज



संचार जगत

जयपुर। मादक पदार्थ तस्करी के सप्लायर आरोपी दिनेश रेबारी द्वारा अवैध रूप से अर्जित करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति को अरांई थाना पुलिस की कार्रवाई के बाद अंतिम रूप से फ्रीज कर दिया गया है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई। पुलिस मुख्यालय पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट में चालानशुदा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अरांई थानाधिकारी उपनिरीक्षक राजमल कुमावत ने यह कार्रवाई की। आरोपी दिनेश रेबारी के विरुद्ध एनडीपीएस केदो प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश हो चुका है और दोनों विचाराधीन हैं। आरोपी थाना अरांई के एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में फरार है और उसकी तलाश जारी है।

रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार



संचार जगत

कोटा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चौकी ने नान्ता थाने की बड़गांव चौकी पर तैनात कांस्टेबल अभयसिंह को 2 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मामला एक डम्पर द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारने का है जिसमें डम्पर मालिक द्वारा परिवादी के विरुद्ध दायर रिपोर्ट का है जिसकी जांच कांस्टेबल अभयसिंह द्वारा की जा रही थी। आरोप है कि उसने परिवादी को इस मामले में झूठा फंसाने की धमकी देकर रिश्वत राशि की मांग की जा रही थी। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा परिवादी से 700 रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करना और बाकी दो हजार रुपये बाद में लेने की मांग करना पाया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी को परिवादी से दो हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुनीं मन की बात

कार्यकर्ताओं के साथ किया संवाद



संचार जगत

सीकर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्यामजी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 139वां ऐपिसोड सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में कहा कि केन्द्र सरकार प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना को बढ़ावा दे रही है। जिससे वोकल फॉर लोकल का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है।

राजस्थान फसलों, दलहन, तिलहन और फलों के उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों के सशक्तिकरण के लिए हमारी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में जल की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है। हमारी सरकार ने ढाई साल में कांग्रेस सरकार के मुकाबले तीन गुना अधिक बिजली उत्पादन किया है।

मुख्यमंत्री ने खाटूश्याम जी के दरबार हाजिरी लगाई



संचार जगत

खाटूश्याम जी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को खाटूश्याम जी के दरबार पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। खाटूश्याम जी मंदिर में दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। राजस्थान में खाटूश्याम जी का धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां देशभर से भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंचते हैं और अपने परिवार की खुशहाली के साथ-साथ जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह धार्मिक दौरा ऐसे समय में सामने आया है, जब प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर सरकार लगातार सक्रिय है। बाबा श्याम के दरबार में मुख्यमंत्री ने प्रदेश और प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डीएपी की जगह एसएसपी और एनपीके उर्वरक अपनाएं किसानः रामलाल जाट

संचार जगत



टोंक। कृषि विभाग ने फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने की किसानों को सलाह दी है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कृषि रामलाल जाट ने बताया कि आगामी रबी में सरसों, गेहूं, चना इत्यादि फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेट एक फॉस्फोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पायी जाती है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहनी एवं दलहनी फसलों के लिये डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। एक बैग डीएपी की कीमत में तीन बैग एसएसपी खरीदे जा सकते हैं।

किराये के कमरे से अवैध पटाखे बरामद

दौसा। मण्डावर थाना पुलिस ने थोबडी चौराहा के पास स्थित किराये के कमरे से 9 बडे कार्टन से विभिन्न प्रकार के 156 पैकेट अवैध पटाखे बरामद किए हैं। बिना वैध लाईसेन्स और अनुज्ञापत्र के पटाखे रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिओम ने बताया कि गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर थोबडी चौराहे पास स्थित बाई पास रोड पर बने मकान की तलाशी के दौरान 9 बडे कार्टन से विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए।

विष्णु लांबा गार्डियन ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड से सम्मानित

संचार जगत



टोंक। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के नवदशकोत्सव के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में आयोजित ग्लोबल समिट टोंक जिले के लांबा गांव निवासी पर्यावरणविद् विष्णु लांबा को गार्डियन ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। विष्णु लांबा ने पिछले 31 वर्षों में डेढ़ करोड़ से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का कार्य किया है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा संचालित कल्पतरु अभियान में भी उन्होंने विशेष सहभागिता निभाई तथा 40 लाख से अधिक पौधे लगाने के अभियान में योगदान दिया। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वह सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी सक्रिय हैं। वर्तमान में वह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने तथा शांति और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह, सुधीर चौधरी, अमन चोपड़ा, फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह, प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पंचायतीराज चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

दौसा। पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर पुलिस की सुरक्षा तैयारियां तेज हो गई हैं। रिजर्व पुलिस लाइन में 4 अग्निवर्षा वाहन एवं 1 वज्र वाहन तैयार है। क्यूआरटी टीम को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। रिजर्व पुलिस लाइन में चार अग्निवर्षा वाहन एवं एक वज्र वाहन तैयार किए गए हैं। साथ ही, क्यूआरटी टीम को उक्त वाहनों के संचालन एवं उपयोग के संबंध में प्रशिक्षित कर आवश्यकतानुसार तैनाती के लिए तैयार किया गया है। पुलिस जवानों को किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति, अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी के लिए फायरिंग एंगल, हथियार लोडिंग एवं अनलोडिंग से संबंधित अभ्यास करवाया गया, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस बल प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

राष्ट्रीय दशहरा मेले में बिखरे कला के रंग



लोकगीतों और नृत्य की धुनों पर झूमे दर्शक

संचार जगत

कोटा। राष्ट्रीय दशहरा मेले में किसान रंगमंच पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। इसमें लोक कलाकारों ने अपनी सुमधुर गायकी और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत की मधुर तानों के बीच कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पर दर्शक झूमते नजर आए। मंच पर नृत्य कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक संध्या में राजस्थानी और लोकप्रिय लोकगीतों का जादू सिर चढ़कर बोला। गीतों की लय पर कलाकारों के शानदार लोकनृत्य ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

श्री परशुराम महादेव मंदिर का पाटोत्सव 30 अक्टूबर को

जोधपुर। श्री परशुराम महादेव मंदिर ट्रस्ट जोधपुर के तत्वावधान में श्री परशुराम महादेव मंदिर का पाटोत्सव 30 अक्टूबर को श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। पाटोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन में संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की जाएगी। पाटोत्सव श्री परशुराम महादेव मंदिर, श्री अजनश्वर आश्रम के पास, सिवांची गेट, जोधपुर में आयोजित होगा।

उदयपुर में सड़क पर खड़े कार-ऑटो में लगी आग

संचार जगत



उदयपुर। उदयपुर में सड़क पर खड़े 2 वाहनों में आग लग गई। वारदात में एक ऑटो और एक कार जलकर पूरी तरह खाक हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। सूरजपोल थाना क्षेत्र में नेहरू बाजार स्थित नाडाखाड़ा इलाके में रविवार अलसुबह करीब 3:30 बजे यह घटना हुई। वहां गुजरते राहगीर ने आग की सूचना पुलिस को दी। वहीं आग किस कारण से लगी है या किसी ने लगाई है। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। हालांकि आसपास दुकानदारों ने बदमाशों के आग लगाने की संभावना जताई है। साथ ही पुलिस प्रशासन से मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की। ऑटो मालिक राजेश ने बताया- घटना में मेरा ऑटो पूरी तरह जल गया। सिर्फ लोहे की ढांचा बचा है। ऑटो चलाकर ही मैं अपने परिवार का गुजारा करता था, लेकिन अब मेरे सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। पुलिस प्रशासन से मामले का पता लगाकर नुकसान की भरपाई की मांग की।

दिया कुमारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं मन की बात



संचार जगत

किशनगढ़। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किशनगढ़ में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 139वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मानव कल्याण, महिला सशक्तिकरण तथा देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से देश की उपलब्धियों, सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी की भावना को भी नई मजबूती मिलती है।

रेलवे काउंटर से टिकट लेने वालों को भी 45 पैसे में मिलेगा यात्रा बीमा

संचार जगत



जोधपुर। रेलवे आरक्षण काउंटर से टिकट लेने वाले यात्री भी अब महज 45 पैसे प्रति यात्री प्रीमियम देकर यात्रा के दौरान संभावित दुर्घटना से आर्थिक सुरक्षा का विकल्प चुन सकेंगे। भारतीय रेल 27 अक्टूबर से पीआरएस काउंटरों पर टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए भी वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना शुरू करेगी। इसके तहत पात्र दुर्घटना की स्थिति में 10 लाख रुपए तक का बीमा कवरेज उपलब्ध होगा। बीमा लेने के लिए मोबाइल नंबर देना और डिजिटल भुगतान करना अनिवार्य होगा। अब तक यह सुविधा मुख्य रूप से आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी। नई व्यवस्था के तहत पीआरएस आरक्षण काउंटरों से टिकट बुक कराने वाले यात्री भी अपनी इच्छा और जरूरत के अनुसार बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। यह सुविधा देशभर में लागू होगी। यात्रा बीमा पूरी तरह वैकल्पिक रहेगा। यात्री की स्पष्ट सहमति के बिना बीमा नहीं दिया जाएगा। बीमा लेने के इच्छुक यात्रियों को मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। निर्धारित प्रीमियम का भुगतान टिकट किराए के साथ यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड अथवा क्यूआर कोड जैसे डिजिटल माध्यमों से ही किया जा सकेगा। नकद भुगतान करने वाले यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कर सहित प्रीमियम 45 पैसे प्रति यात्री निर्धारित है। यह सुविधा कन्फर्म और आरएसी टिकटों पर लागू होगी। सामान्य एवं अनारक्षित टिकटों तथा बिना बर्थ या सीट के टिकट लेने वाले पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों पर यह योजना लागू नहीं होगी।

अजमेर में 18 साल की युवती लापता

अजमेर। अजमेर में 18 साल की युवती के घर से बिना बताए चले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, युवती 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि युवती को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने मामले में पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। घटना के संबंध में 24 अक्टूबर को पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी गई।पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(4) के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच हेड कांस्टेबल को सौंपी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



13 वर्षीय ओजस्वनी ने रचा इतिहास

इंडियन ओपन के कट में प्रवेश

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत की 13 वर्षीय गोल्फर ओजस्वनी सारस्वत ने महिला यूरोपीय टूर (एलईटी) प्रतियोगिता इंडियन ओपन के कट में जगह बनाकर पहले ही इतिहास रच दिया है और अब उनका लक्ष्य विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने और अपने आदर्श नीरज चोपड़ा की तरह ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। ओजस्वनी महिला गोल्फ के इतिहास में एलईटी प्रतियोगिता में कट बनाने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।

उनसे पहले आरिया जुतानगर्न ने 2008 में 12 साल की उम्र में फिनएयर मास्टर्स के कट में जबह बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना लक्ष्य

ओजस्वनी ने कहा, 'कट में जगह बनाकर मैं बहुत खुश हूं। यह तो बस शुरुआत है। मेरा लक्ष्य भारत में और फिर विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना है। मैं एक दिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं भारत की ध्वजवाहक बनना चाहती हूं और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं। यह मेरा सबसे बड़ा सपना है।'

नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत : ओजस्वनी

ओजस्वनी ने कहा, 'नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत हैं क्योंकि वह ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। मैंने उनकी मानसिकता को समझा है। मुझे लगता है कि सभी खेल काफी हद तक एक जैसे होते हैं और इसलिए मानसिकता भी लगभग एक जैसी ही होती है। जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता तो वह मेरे प्रेरणास्रोत बन गए।'

जापान ओपन की नई क्वींन बनीं कैटरीना

फाइनल में यूएसए की एशलिन क्रूगर को हराया



नई दिल्ली/संचार जगत

चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने रविवार को सीधे सेटों में जीत हासिल करने जापान ओपन के रूप में तीन साल में अपना पहला एकल खिताब जीता। सिनियाकोवा ने फाइनल में एशलीन क्रूगर को आसानी से 6-1, 6-0 से हराया। यह मैच 64 मिनट तक चला।

लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले किया अपने नाम

मैच में शुरुआती बढ़त 2-1 होने के बाद सिनियाकोवा ने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सिनियाकोवा ने 16 विनर्स लगाए, जबकि उन्होंने 19 अनफोर्स्ड एरर (बिना दबाव की गई गलतियां) कीं। वहीं, अपने तीसरे डब्ल्यूटीए टूर-लेवल फाइनल में खेल रहीं एशलिन क्रूगर 10 विनर्स ही लगा सकीं और उनसे 34 अनफोर्स्ड एरर हुए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। तीन वर्षों में यह सिनियाकोवा का पहला टूर-लेवल सिंगल्स फाइनल था। वह 2016 में 'जापान विमेंस ओपन' (मौजूदा टूर्नामेंट का ही पुराना रूप) में उपविजेता रही थीं, इस तरह 10 साल बाद वह फिर से यहां फाइनल में पहुंचीं।

मैंने सच में मैच का आनंद लिया

सिनियाकोवा ने कहा, मुझे याद नहीं कि मैंने आखिरी बार कब इतना अच्छा खेला था। सब कुछ मेरे पक्ष में हो रहा था, इसलिए मैंने सच में इसका आनंद लिया। मुझमें बहुत आत्मविश्वास था। मैंने जिस तरह से खेला, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

1 घंटा 16 मिनट चले मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को दी मात

निंगबो ओपन में रयबाकिना का दबदबा जीता साल का शानदार चौथा खिताब



नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एलेना रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को हराकर 'निंगबो ओपन' खिताब बरकरार रखा। रविवार को निंगबो स्थित सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से मात दी।

यह मुकाबला 1 घंटा 16 मिनट तक चला। इस जीत के साथ रयबाकिना ने इस साल अपना चौथा खिताब जीता। रयबाकिना ने मैच के दौरान वर्ल्ड नंबर-30 खिलाड़ी फर्नांडीज की सर्विस को चार बार तोड़ा (हर सेट में दो-दो बार), और इस तरह निंगबो में लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

बेहतरीन फॉर्म में रयबाकिना

कजाकिस्तान की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को पहले सेट की शुरुआत में थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें लगातार ब्रेक प्वाइंट्स बचाने पड़े। हालांकि, उन्होंने शानदार खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी रयबाकिना बेहतरीन फॉर्म में दिखीं और अपना दबदबा बनाए रखा। वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी ने दूसरे सेट में फर्नांडीज की सर्विस दो बार तोड़ी और आसानी से मैच जीत लिया।



यहां का माहौल शानदार : एलेना


खिताबी जीत के बाद रयबाकिना ने कहा, आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यहां का माहौल शानदार है। आप लोगों के सामने खेलकर बहुत अच्छा लगता है। आप लोग हमेशा मुझे खेलते रहने के लिए काफी प्रेरणा और ऊर्जा देते हैं। यहां खेलते हुए यह मेरा दूसरा साल है और यह मेरी दूसरी जीत है। यह जगह मेरे लिए बहुत खास है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

एलेना के कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब

यह इस सीजन में उनका चौथा खिताब है और उनके कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब है। अब उनके नाम सात डब्ल्यूटीए 500 ट्रॉफी हो गई हैं, जिनमें से दो निंगबो में जीती गई हैं। इससे पहले, इस साल रयबाकिना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट और यूएस ओपन जीता था। फ्लशिंग मीडोज (यूएस ओपन) के दौरान ही वह 'वर्ल्ड नंबर 1' खिलाड़ी बनी थीं। यह कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ रयबाकिना की लगातार तीसरी टूर-लेवल जीत है। 'हेड-टू-हेड' मुकाबलों में अब रयबाकिना 4-2 से आगे हैं। कजाख खिलाड़ी ने पिछले साल निंगबो में भी जीत हासिल की थी और अब वह एशियन डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में लगातार 8 जीत (8-0) के सिलसिले पर हैं।

अल्माटी ओपन : युकी ने जीता युगल का खिताब

अल्माटी। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर अल्माटी ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल में 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराया। भांबरी का यह वर्ष 2026 का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले 2023 में मालोर्का में, 2024 में गस्टाड और म्यूनिख में और 2025 में एटीपी 500 दुबई टूर्नामेंट में एटीपी 250 खिताब जीते थे। न्यूजीलैंड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी 250 जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद 34 वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था। भांबरी फरवरी में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 18 पर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा, जिससे वह शीर्ष 40 से बाहर हो गए।



खबर संक्षेप

22 नवंबर को असम राइफल्स हाफ मैराथन

नई दिल्ली। असम राइफल्स की छठी हाफ मैराथन 22 नवंबर को शिलांग में आयोजित की जाएगी, जिसमें रिकॉर्ड भागीदारी होने की उम्मीद है। असम राइफल्स हाफ मैराथन (एआरएचएम) के दौरान शिलांग में सरकार, सशस्त्र बलों और विभिन्न क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। इस हाफ मैराथन में 12 से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 4000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग वर्गों पांच किमी, 10 किमी और 21 किमी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसकी पुरस्कार राशि 25 लाख रुपए है। यह घोषणा दिल्ली कैंट स्थित असम राइफल्स कार्यालय में उद्घाटन समारोह के दौरान की गई। असम राइफल्स हाफ मैराथन की शुरुआत 2021 में की गई थी।

कश्मीर मैराथन में शामिल हुए सैकड़ों प्रतिभागी

श्रीनगर। कश्मीर मैराथन के तीसरे सत्र में रविवार को सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया, जिसे जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़े एथलेटिक्स आयोजनों में से एक माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी के दृढ़ संकल्प और जज्बे का भी उत्सव मनाया गया।

फ्रेंच ओपन

खिताबी मुकाबले में चूकीं सिंधू आन से यंग बनीं चैंपियन



नई दिल्ली/संचार जगत

पीवी सिंधू ने रविवार को 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर के फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से तीन गेम में हारकर उपविजेता रहीं। भारतीय खिलाड़ी को ओलंपिक चैंपियन आन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ आन ने अपना चौथा फ्रेंच ओपन खिताब और इस सत्र का 11वां खिताब अपने नाम किया।

20 मिनट में जीता पहला गेम

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और अपनी लंबाई तथा आक्रामक शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया। उनके करियर में यह केवल दूसरी बार था जब वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ कोई गेम जीतने में सफल रही थीं। हालांकि आन के खिलाफ 11 मुकाबलों में वह अब तक उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच नेट पर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एक समय स्कोर 4-4 से 7-7 तक पहुंच गया। ऐसे ही एक रैली के दौरान आन के शॉट पर शटल सिंधू के चेहरे पर जा लगी। ब्रेक तक सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी लंबाई का अच्छा फायदा उठाया और जल्द ही स्कोर 15-11 कर दिया।

एशिया कप राइजिंग में भिड़ेंगे भारत और पाक, 22 नवंबर को मुकाबला



दुबई। भारत ए 19 नवंबर से दोहा में शुरू होने वाले 50 ओवर के एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में 22 नवंबर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान टूर्नामेंट में अपनी ए टीमें उतारेंगे, जबकि नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और हांगकांग के अपनी सबसे मजबूत टीमें भेजने की संभावना है। भारत ए को पाकिस्तान ए, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग ग्रुप ए में हैं। भारतीय टीम 20 नवंबर को नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद उसका सामना पाकिस्तान ए (22 नवंबर) और यूएई (24 नवंबर) से होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप के रूप में हुई थी। अब तक इसके सात टूर्नामेंट आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें भारत ने केवल एक बार जीत हासिल की है। ओमान में 5 से 14 नवंबर तक होने वाले अंडर-19 एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान 8 नवंबर को आमने-सामने होंगे।

भारत ने जिम्बाब्वे को 121 रन से हराकर शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

हरमनप्रीत और दीप्ति के शतक, वैष्णवी को चार विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के शानदार शतक के बाद वैष्णवी शर्मा की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को यहां जिम्बाब्वे को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 121 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 329 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (49), चिपो मुगेरी तिरिपानो (46) और बिलव्ड बिजा (34) की उम्दा पारियों के बावजूद 48.5 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अपना दूसरा एकदिवसीय मैच खेल रही वैष्णवी ने 39 रन देकर चार जबकि ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले हरमनप्रीत (121 गेंद में 126 रन, 15 चौके) और दीप्ति शर्मा (86 गेंद में नाबाद 106 रन, 15 चौके) के शतक और दोनों के बीच पांचवें विकेट की 153 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 328 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हरमनप्रीत ने टीम की खराब शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (67 गेंद में 61 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 124 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे ने शुरुआती 10 ओवर में लॉरिन फिरी (06) का विकेट गंवाकर 47 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। फिरी को नौवें ओवर में श्री चरणी ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। मुपाचिकवा हालांकि अच्छी लय में नजर आईं। उन्होंने सयाली सतघरे की पारी की शुरुआती दो गेंद पर चौका मारा और फिर जिंतिमणि कलीता पर भी लगातार दो चौके मारे।



करण सिंह ने हासिल किया साल का चौथा खिताब

आईटीएफ टेनिस टूर एम25 के चैंपियन बने करण

नई दिल्ली/संचार जगत

करण सिंह ने आईटीएफ सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। रविवार को कूपरेज स्थित महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में आयोजित 30,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले 'आईटीएफ मेंस वर्ल्ड टेनिस टूर एम25' टूर्नामेंट में उन्होंने सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त करण ने फाइनल में अपनी एकेडमी के साथी खिलाड़ी दिग्विजय प्रताप सिंह को हराया। दूसरे सेट में जब करण 7-5, 3-1 से आगे चल रहे थे, तब दिग्विजय को मैच से रिटायर होना पड़ा। यह 2026 सीजन में करण का चौथा खिताब है। 23 वर्षीय खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से बेहतरीन फॉर्म में हैं। मुंबई में मिली यह जीत पिछले दो महीनों में उनका दूसरा खिताब है और वे इस दौरान चौथी बार फाइनल में पहुंचे हैं।



पहला सेट में हुई कड़ी टक्कर

आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला सेट काफी कड़ा रहा। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस सेट में आखिरकार करण ने बाजी मारी और इसे 7-5 से जीत लिया। इसी लय को बरकरार रखते हुए, करण ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली थी। तभी दुर्भाग्यवश, 1 घंटे 32 मिनट के खेल के बाद दिग्विजय को मैच से हटना पड़ा, जिससे करण को आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप ट्रॉफी मिल गई।

पूरे टूर्नामेंट में नहीं गंवाया सेट

मुंबई में खेले गए पूरे टूर्नामेंट के दौरान करण ने एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने 'राउंड ऑफ 32' में नितिन कुमार सिन्हा को 6-4, 6-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। 'राउंड ऑफ 16' में उन्होंने शानदार सर्विस का प्रदर्शन किया और क्वालीफायर आदिल कल्याणपुर को 1 घंटे 38 मिनट में 7-5, 6-3 से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत के मैच से हटने (3-4 रिटायर्ड) के बाद आगे बढ़े करण ने सेमीफाइनल में चिराग दुहन के खिलाफ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सर्विस पर 100 प्रतिशत होल्ड रेट बनाए रखा। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने दुहान को 6-3, 6-2 से हराया और केवल 1 घंटे 19 मिनट में फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप 2026

हिसार की मेघा ने फाइनल में बनाई जगह

रोहतक। मोंटेनेग्रो के बुडवा में चल रही 2026 विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की युवा मुक्केबाज मेघा ने सेमीफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान की मीरीम छायनीबेकोवा को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जीत के साथ ही मेघा ने भारत के लिए पदक पक्का कर लिया है और अब उनकी नजर स्वर्ण पदक पर होगी। यह प्रतियोगिता 14 से 28 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस शानदार उपलब्धि पर



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मेघा शेयोकंद और भारतीय दल को बधाई दी। मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि "हरियाणा के मुक्केबाज अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और जज्बे के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम लगातार रोशन कर रहे हैं। संघ की प्राथमिकता खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर बेहतर सुविधाएं, विश्वस्तरीय ट्रेनिंग और हर संभव सहयोग प्रदान करना है ताकि वे ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर देश के लिए स्वर्ण पदक जीत सकें।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों को किया संबोधित

त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूती दें, स्थानीय कलाकारों के निर्मित उत्पाद को प्राथमिकता दें

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों पर खरीदारी करते समय देश के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पकारों के बनाए उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि बिहार का मखाना, कर्नाटक की अरहर दाल और महाराष्ट्र के आदिवासी उत्पाद अब नई पैकेजिंग और वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं। खादी उत्पादों की बढ़ती मांग से उन पारंपरिक कारीगरों को सीधा सहारा मिल रहा है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संभाल कर रखे हुए हैं। स्थानीय खरीदारी न केवल छोटे कारोबारियों और कारीगरों का उत्साह बढ़ाएगी, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को भी गति देगी।

खास बातें

- रिकॉर्ड 28 करोड़ की खादी की खरीद की गई
- ई-संजीवनी से 40 करोड़ लोगों का इलाज किया गया
- इससे आत्म निर्भर भारत को मिलेगी गति



पूर्णिया का मखाना पहुंच रहा ग्रीस, कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही

पीएम मोदी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना अब हमारे उत्पादों को दुनिया के बाजारों तक पहुंचा रही है। बिहार के पूर्णिया का मखाना अब ग्रीस पहुंच रहा है। कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में आदिवासी समुदायों ने अपने बनाए उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत फोकस किया है। यहां के 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चिरौंजी और बांस से बने उत्पाद बाजार में लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप है और इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित ' गुड डिजाइन अवार्ड' मिला है।

महर्षि वाल्मीकि ने दी जीवन की गहरी सीख

पीएम मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से हमें जीवन की गहरी सीख दी है। वे सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता का महत्व समझाते हैं। भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम और भक्ति को अपनाया। निषादराज की मित्रता को सम्मान दिया। सबको साथ लेकर चलने का भाव, ये आदर्श आज भी हमें दिशा दिखाते हैं।

लोगों के प्रेम को अमूल्य पूंजी बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे सैकड़ों ऐसे संदेश मिलते हैं जिनमें लोग बताते हैं कि 'मन की बात' सुनकर उन्हें ऐसा लगता है, जैसे मैं उनके बीच उनके परिवार में बैठकर एक परिवार के सदस्य की तरह उन सबसे संवाद कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए आप सभी श्रोताओं की यह आत्मीयता, आपका यह स्नेह बहुत अमूल्य पूंजी है।

यह सेवा-भाव का गौरवगान करने का शुभ अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए 'मन की बात' देश की आम जनता के परिश्रम, उसके पराक्रम, उसकी प्रतिबद्धता, उसके समर्पण एवं सेवा-भाव का गौरवगान करने का एक शुभ अवसर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग समाज और राष्ट्र के लिए जीते हैं, वे अपने आप में एक तीर्थ के ही स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से मैं एक तरह से देश की लोकशक्ति की आराधना करता हूं। मुझे इसके माध्यम से देश के हर परिवार से जुड़ने का अवसर मिलता है।

12 साल के सफर को बताया 'तीर्थयात्रा' : प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की 12 साल की यात्रा को तीर्थयात्रा बताया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश के लोगों के प्रयासों को करीब से जानने एवं उनके योगदान को नमन करने की एक तीर्थयात्रा से कम नहीं है।

खबर संक्षेप

जंग हो न हो, हम नीति नहीं बदलेंगे: ईरान

तेहरान। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर युद्ध की आशंकाओं के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास



अराघची ने कहा है कि चाहे कोई और युद्ध छिड़े या न छिड़े, ईरान की नीतियां वैसी ही बनी रहेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका या कोई अन्य देश दोबारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई करने की कोशिश करता है, तो यह पूरी तरह अविवेकपूर्ण कदम होगा। अराघची ने एक कार्यक्रम में दावा किया कि 40 दिनों तक चले युद्ध के बाद होर्मुज की स्थिति पहले जैसी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था में बुनियादी बदलाव ला दिया है।

यात्री बस और ट्रक की टक्कर में 22 की मौत

नैरोबी। केन्या के मुख्य राजमार्ग पर रविवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण



टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। माकुएनी काउंटी कमिश्नर अब्दुल्लाही खलीफ ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी।

फायरिंग का आरोपी अस्पताल में छिपा था

इंदौर। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार 22 वर्षीय प्रांजल ठाकरान



पुलिस से बचने के लिए इंदौर के एक अस्पताल में रात बिताता था। हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल पिछले पांच दिनों से इंदौर में था। वह मालवा मिल चौराहे स्थित अंकुर स्टेप डाउन सेंटर में भर्ती पैरालिसिस पीड़ित भाई से मिलने जाता था और रात में विजिटर्स रूम में ठहरता था। उसके भाई की यहां फिजियोथेरेपी चल रही थी। प्रांजल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिस्तौल, बंदूक और कारतूस के साथ वीडियो मिले हैं।

फ्रांस की सड़कों पर उतरे 8 लाख लोग

फ्रांस-इटली और स्पेन समेत यूरोप के कई देशों में हुए हिंसक प्रदर्शन

फ्रांस में हिंसक झड़प के बाद 1000 के करीब गिरफ्तार



नई दिल्ली/संचार जगत

यूरोप के कई देशों में वीकेंड पर महंगाई, आवास संकट, पेंशन कटौती, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट, भ्रष्टाचार और युद्ध के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। शनिवार रविवार को फ्रांस, अल्बानिया, इटली, स्पेन और पुर्तगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हिंसक झड़पें हुईं, जिसके बाद सरकारों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी और कुछ स्थानों पर सेना तक को तैनात करना पड़ा। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों के दौरान भारी तनाव देखा गया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज के अनुसार, देशभर में लगभग 1000 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सरकार के अनुमान के मुताबिक करीब 4.10 लाख लोगों ने इन रैलियों में हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग 8 लाख बताई। पेरिस में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले दागे।

अल्बानिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा

अल्बानिया की राजधानी तिराना समेत कई शहरों में छात्रों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोशित थे।उन्होंने ट्यूशन फीस कम करने और शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग के साथ-साथ प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्रालय के प्रवेश द्वार पर आग लगा दी, तथा पुलिस पर पत्थर और पटाखे फेंके। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने आंसू गैस, वॉटर कैनन और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।

इटली में सेना के 500 अतिरिक्त जवान तैनात: इटली के मिलान, रोम, ट्यूरिन, नेपल्स और फ्लोरेंस जैसे शहरों में युवाओं ने कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर मार्च निकाला। पुलिस ने आठ शहरों से 9 लोगों को गिरफ्तार किया और 371 लोगों को अस्थायी तौर पर हिरासत में लिया, जिनमें 110 नाबालिग शामिल थे।

स्पेन में पेंशन और आवास संकट को लेकर प्रदर्शन

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों पेंशनभोगियों और आम नागरिकों ने सार्वजनिक पेंशन प्रणाली की सुरक्षा और महंगाई के अनुसार पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने न्यूनतम पेंशन को न्यूनतम वेतन के बराबर करने, महिला-पुरुष पेंशन अंतर को खत्म करने और पेंशन के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई।

विदेश मंत्री एस.जयशंकर की दो टूक

आतंकवाद पालने वाले देशों पर कसे शिकंजा युद्ध नहीं बातचीत से निकलेगा शांति का रास्ता



नई दिल्ली/संचार जगत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता, युद्ध रोकने के लिए बातचीत और कूटनीति तथा दुनिया में शांति और समान विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा

- एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ सकते
- लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग जरूरी
- भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को एकजुट होने की जरूरत बताई

आतंकवाद से मिल चुके कई सबक

इसके पीछे कोई तर्क या बहाना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं, क्योंकि कुछ देश इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को ज्यादा महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में आतंकवाद के खतरों से जुड़े कई सबक मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ देश अपने फायदे के हिसाब से फैसले लेते हैं। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति दिखाए। सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया में चल रहे संघर्षों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए बड़ा खतरा है और इसे किसी भी हाल में राज्य की नीति का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता।

दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की शांति को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में चल रहे दो बड़े संघर्षों के बीच भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही विवादों का समाधान निकाला जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता।

वैश्विक चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों का किया जिक्र

जयशंकर बोले- ग्लोबल साउथ के सामने 4एफ संकट

अपने बयान में विकासशील देशों के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया का यह हिस्सा 4एफ संकट से जूझ रहा है। इनमें फाइनेंस, फ्यूल, फूड और फर्टिलाइजर शामिल है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि इन समस्याओं के समाधान में विकसित देशों की भी बराबर की हिस्सेदारी है। बाजार के विकृत और संकीर्ण तौर-तरीके आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं, इसलिए इस पर गंभीर और सच्ची बातचीत की सख्त जरूरत है।

शांति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हैं, अनदेखी न करें

जयशंकर ने कहा कि दुनिया में शांति, विकास और समृद्धि के बीच गहरा संबंध है। संघर्ष और हिंसा किसी भी समाज की तरक्की में बाधा बनते हैं। दुनिया के एक हिस्से का समृद्ध होना और दूसरे हिस्से का बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना लंबे समय तक संभव नहीं है। इसलिए देशों को अपने हितों के साथ-साथ पूरी दुनिया की जरूरतों को भी समझना होगा। उन्होंने साफ किया कि स्थायी शांति के लिए आपसी सहयोग, बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देना जरूरी है। युद्ध और आतंकवाद से किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सकता।

एआई को लेकर चेतावनी भी दी

इसके अलावा तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन इसके विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे मानव-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण का समर्थन करता है जो पूरी मानवता के हित में हो। अंत में विदेश मंत्री ने अपने संबोधन के अंत में इस बात पर जोर दिया कि प्रगति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

मुकाबले से ज्यादा जरूरी है सहयोग की भावना

सम्मेलन में जयशंकर ने दुनिया के देशों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिस्पर्धा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव समाज में हमेशा दो तरह की सोच रही है।

एक सोच प्रतिस्पर्धा को महत्व देती है, जबकि दूसरी सहयोग को बेहतर रास्ता मानती है। यही सोच देशों के आपसी रिश्तों और उनके व्यवहार में भी दिखाई देती है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि करीब आठ दशक पहले दुनिया ने मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी, जहां देश साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 में भी इसी भावना को जगह दी गई है।

अंतरिक्ष में बड़ी छलांग, 2029 तक चार लॉन्च पैड

दो महीने में गगनयान का पहला मानवरहित परीक्षण होगा, चंद्रयान-5 में 350 किलो का रोवर भी भेजेंगे

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि वर्ष 2029 तक देश में चार प्रक्षेपण स्थल चालू हो जाएंगे। इससे भारत की अंतरिक्ष गतिविधियों का विस्तार होगा और उपग्रह प्रक्षेपण की बढ़ती वैश्विक मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इसरो का निजीकरण नहीं होगा, लेकिन वाणिज्यिक गतिविधियों के विस्तार के लिए निजी कंपनियों और स्टार्टअप के साथ साझेदारी बढ़ाई जाएगी।



नारायणन के मुताबिक, तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के कुलसेकरपट्टिनम में 2,000 एकड़ क्षेत्र में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के लिए अलग परिसर विकसित किया जाएगा। यहां रॉकेट के विभिन्न हिस्सों और उपकरणों को जोड़ने, प्रक्षेपण, निगरानी, नियंत्रण और आंकड़े प्राप्त करने की सुविधाएं होंगी।

रोजगार भी बढ़ेंगे

निजी क्षेत्र को तकनीकी सहयोग देने से आर्थिक विकास के साथ उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसरो अध्यक्ष ने बताया कि अगले दो महीने में गगनयान मिशन का पहला मानवरहित परीक्षण करने की योजना है। अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले दो और मानवरहित परीक्षण किए जाएंगे। इन दौरान सुरक्षा प्रणालियों, वातावरण नियंत्रण, आपात स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित निकालने की व्यवस्था और अंतरिक्ष यान की सुविधाओं की जांच होगी।

अमेरिका में जी-20 में मिलने की उम्मीद

तनाव के बीच दिसंबर में फिर मिल सकते हैं मोदी-जिनपिंग

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव की खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दिसंबर में फिर मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेता 14 या 15 दिसंबर को अमेरिका के फ्लोरिडा में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बातचीत कर सकते हैं। सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेजबानी में मियामी में आयोजित होने की बात




कही गई है। हालांकि, दोनों नेताओं की संभावित मुलाकात को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पिछले महीने नई दिल्ली में मोदी और जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी।

रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे शिरकत

नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक पर मंथन आज से

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय नौसेना की पांचवीं नौसैनिक नवाचार एवं स्वदेशीकरण संगोष्ठी 'स्वावलंबन 2026' का आयोजन आज यानी 26 और 27 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में होगा।



'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और सामर्थ्य' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 अक्टूबर को शामिल होंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य स्वदेशी तकनीकों को बढ़ावा देना और रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता मजबूत करना है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग, स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, शिक्षाविदों और निवेशकों की भागीदारी रहेगी।

इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम तकनीक, स्वायत्त प्रणालियों और हाइपरसोनिक तकनीक के नौसैनिक अभियानों में इस्तेमाल पर चर्चा होगी।

3 राज्यों में 38 ठिकानों पर छापेमारी, 1424 खाते फ्रीज

ऑपरेशन त्रिशूल से 100 करोड़ के हवाला नेटवर्क का खुलासा

खास बातें

- 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया
- 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए
- डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर से चल रहा था खेल
- अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच तस्करी

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्र सरकार ने देश में ड्रग्स के अवैध कारोबार और नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ एक और ऐतिहासिक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जानकारी दी कि केंद्रीय एजेंसियों और पूर्वोत्तर के राज्यों की पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन त्रिशूल को अंजाम दिया है। शाह के पोस्ट के अनुसार, इस बड़े ऑपरेशन के तहत असम, मिजोरम और मणिपुर में कुल 38 ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल की कमर टूट



एआई फोटो

गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में शाह ने बताया कि 23 अक्टूबर को चलाए गए इस अभियान के दौरान एजेंसियों ने 100 करोड़ के हवाला लेनदेन का पर्दाफाश किया है। जांच के दौरान कुल 1424 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है, जबकि 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। बता दें कि इस कार्रवाई में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के रास्ते अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। केंद्र सरकार और तीनों राज्यों असम, मिजोरम और मणिपुर की पुलिस ने आपसी तालमेल से इस खतरनाक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने अपने पोस्ट में दृढ़ संकल्प जताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ऑपरेशन त्रिशूल के जरिए ड्रग्स के खिलाफ एक और घातक प्रहार किया है।

31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त करने का लक्ष्य

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को नशा मुक्त करने के अपने लक्ष्य को भी दोहराया। अपने



पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने संकल्प लिया है कि 31 दिसंबर 2029 तक देश से हर एक ड्रग नेटवर्क का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। गृह मंत्री ने साफ किया है कि गृह मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और 'नशा मुक्त भारत' के रोडमैप को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किमी का कॉरिडोर तैयार

2027 के आखिरी 3 महीनों में शुरू हो सकती है देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन सेवा

100 फीट नीचे स्टेशन, समुद्र के भीतर सात किमी सुरंग से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली/संचार जगत

देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक,



अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर पहली ट्रेन सेवा 2027 की आखिरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में आधुनिक रेलवे स्टेशनों के साथ सुरंगों और पुलों का निर्माण



किया जा रहा है।

इसकी खासियत मुंबई में जमीन से करीब 100 फीट नीचे बन रहा स्टेशन और समुद्र के नीचे से गुजरने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन बनाया जा रहा है।

320 किमी प्रति घंटा होगी बुलेट ट्रेन की स्पीड

यहां छह प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक की लंबाई 400 मीटर से अधिक होगी। महाराष्ट्र में कॉरिडोर का 21 किलोमीटर हिस्सा सुरंग से होकर गुजरेगा। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे समुद्र के भीतर सात किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है। इसके निर्माण के लिए जुलाई 2026 में विक्रोली और सावली से दो टनल बोरिंग मशीनें शुरू की गई थीं। प्रत्येक मशीन का व्यास 13.6 मीटर और वजन 3,000 टन से अधिक है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।